

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना   वर्ष-14, अंक -36 जबलपुर, गुरूवार 06 मार्च 2025   कीमत-70 पैसे  पृष्ठ-8   संपादक अरुण श्रीवास्तव


### आतंकी रहमान का खुलासा

## अयोध्या में 5 अप्रैल को थी हमले की साजिश, 2 हैंड ग्रेनेड लेकर वहां जाना था



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली से सटे फरीदाबाद से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान ने बड़ा खुलासा किया है, जिसके बाद चर्चा ये है कि क्या 5 अप्रैल को अयोध्या में हमले की तैयारी थी? आतंकी अब्दुल रहमान 4 अप्रैल को 2 हैंड ग्रेनेड लेकर अयोध्या जाने वाले था. आतंकी अब्दुल रहमान अल-कायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट से भी जुड़ा था. वह मोस्टवांटेड आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में भी था. वह एक प्रतिबंधित ऐप के जरिए अबू सूफियान से संपर्क करता था.

अबू सूफियान ने अपने हैंडलर के जरिए फरीदाबाद में 2 हैंड ग्रेनेड और डेटोनेटर गड्ढे में छिपवाए थे. आतंकी अब्दुल रहमान को 4 अप्रैल को अयोध्या वापस जाने का निर्देश मिला था लेकिन 2 मार्च को ही उसे एटीएस गुजरात और हरियाणा एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया. आतंकी अब्दुल रहमान देसी तमंचे बनाना भी जानता है. आरोपी के पास से दो मोबाइल मिले हैं, जिनमें धार्मिक स्थलों की रेकी के वीडियो और धर्म विशेष को भड़काने वाली सामग्री पाई गई है. अब्दुल रहमान सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम) पर धार्मिक कंटेंट देखकर कट्टरपंथी बना और आतंकी नेटवर्क से जुड़ा.

आरोपी के पास 1 मार्च 2025 की अयोध्या कैंट से दिल्ली जंक्शन की ट्रेन टिकट मिली, जिससे उसकी यात्रा का पता चला. अबू सूफियान समेत पूरे मॉड्यूल का पर्दाफाश करने के लिए एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हैं.

### भूकंप के दो तेज झटकों से थर्राया मणिपुर, एक की तीव्रता 5.7 मापी गई, पूरे पूर्वोत्तर में कांपी धरती

गुवाहाटी. मणिपुर में बुधवार 5 मार्च को लगातार दो भूकंप आए. इनमें से एक की तीव्रता 5.7 थी. भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर में महसूस किए गए. जानकारी के मुताबिक, 5.7 तीव्रता का भूकंप सुबह 11.06 बजे आया. शिलांग में क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के मुताबिक इसका केंद्र इंफाल पूर्वी जिले के याइरीपोक से 44 किलोमीटर पूर्व में और 110 किलोमीटर की गहराई पर था. उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके असम, मेघालय और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए. मणिपुर में दोपहर 12.20 बजे 4.1 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया. भूकंप का केंद्र राज्य के कामजोंग जिले में 66 किलोमीटर की गहराई में था. भूकंप के बाद मणिपुर में कई इमारतों में दरारें देखी गईं.

## भारत माता की जय के नारे से भड़के एमपी के मंत्री, बोले- कौन कर रहा है नारेबाजी?

नर्मदापुरम (आरएनएस)। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल बुधवार को एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की नारेबाजी से नाराज हो गए। स्थानीय कार्यकर्ता भारत माता की जय और जय बलराम जैसे नारे लगा रहे थे। उनकी नाराजगी को स्थानीय सांसद के साथ चल रही गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है।

ये है पूरा मामला

दरअसल, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने गए थे। जब वह फीता काटने लगे, तभी वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और जय बलराम के नारे लगाना शुरू कर दिया। मंत्री इस पर भड़क उठे। उन्होंने जोर से कहा- यह नारे कौन लगा रहा है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी के निकटतम सहयोगी नीतिराज पटेल ने कहा कि हम लगा रहे हैं। वहां किसी तरह मामला शांत हुआ। इस नारे का विवाद मंच पर भी स्पष्ट दिख रहा था।

मंत्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे, मैंने नाराजगी व्यक्त कर कहा कि अनुशासन जरूरी है। स्कूल में सरस्वती जी



की जय, लक्ष्मीजी का नारा लग सकता है तो नारे लगाने वालों एक बार धनवंतरी भगवान के नारे लगा देते।

कार्यक्रम के समापन के बाद फिर लगे नारे

इस स्थिति से आयोजन के दौरान तनातनी की स्थिति बनी रही। कार्यक्रम समापन के बाद कुछ कार्यकर्ताओं ने फिर से भारत माता की जय और भगवान बलराम की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी मौजूद थे। कहा जा रहा है कि सांसद चौधरी और मंत्री पटेल के बीच लंबे समय से चल रही गुटबाजी अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगी है।

### जब विधानसभा में तेजस्वी पर आगबबूला हुए सीएम नीतीश

## तुम्हारे पिता को हम ही बनाए थे...



बिहार(आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में एक बहस के दौरान अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जिक्र करते हुए राजद नेता और अपने पूर्व डिप्टी तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में विधानसभा में बोलने के लिए कुमार के खड़े होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने यादव पर पलटवार किया, बिहार में पहले क्या था? वह मैं ही था जिसने आपके (तेजस्वी यादव) पिता को बनाया। यहां तक कि आपकी जाति के लोग भी मुझसे पूछ रहे थे कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं, लेकिन मैंने फिर भी उनका समर्थन किया। दूसरी ओर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने राज्य विधान परिषद के समक्ष आरोप लगाया कि उनके पति एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कोई गलत काम नहीं किया इसके उन्हें बावजूद सजा मिली। उच्च सदन में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग की तरफ से हर दूसरे दिन नोटिस मिलने की भी शिकायत की। सदन के भीतर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नीरज कुमार की ओर रुख करते हुए कहा, "आपको लालू जी पर निशाना साधना और उन्हें जेल में रहने के दौरान दिए


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अतिथि देवो भवः के भाव को किया चरितार्थ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के पर्यटन व संस्कृति पर केंद्रित सत्र में कहा था कि मेले का मतलब है मेल-जोल बढ़ाना और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, उद्योगपतियों-निवेशकों-उद्यमियों और सरकार व प्रदेशवासियों के बीच मेल-जोल बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। भोपाल में पहली बार आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश दुनिया के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक, यंग इन्नोवेटर, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार निवेश के इस महाकुंभ में पधार रहे सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार, भारतीय संस्कृति के अतिथि देवो भवः का भाव जीआईएस में साकार हुआ। उनका विचार था कि यह आयोजन परस्पर मेल-जोल, सद्भावना और सुखद अनुभूति के साथ हो और



समिट की सुमधुर स्मृतियां, लंबे चलने वाले संबंधों का आधार बनें। अतः इस वैश्विक आयोजन में अतिथियों के आवागमन-आवास और भोजन की व्यवस्था के प्रति आरंभ से ही विशेष संवेदनशीलता रही। वैश्विक सम्मेलन में, विविधता से भरे हमारे देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ दुनिया के लगभग 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भोजन, सभी की मूल आवश्यकता है, परंतु अलग-अलग सामाजिक -सांस्कृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण भोजन के लिए लोगों की आदतें, रुचियां और आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। विभिन्न क्षेत्रों से आए इन विशिष्ट जन के लिए भोजन की व्यवस्था एक चुनौती थी। विविधता भरे समागम में सभी के स्वाद और संतुष्टि के अनुरूप भोजन की व्यवस्था करना, एक प्रकार से अपनी दक्षता का प्रमाण देने जैसा था। भोजन हमारी संपन्नता- सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह माना जाता है कि भोजन में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता है। अच्छे स्वाद-सुगंध-स्पर्श और आकर्षक प्रस्तुतिकरण से भोजन की यह क्षमता और बढ़ जाती है। देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश का भोजन, नए बदलावों को समरसता के साथ आत्मसात करने का प्रतीक है। स्वरुचि भोज परस्पर सौहार्द्र पैदा करने की सामर्थ्य रखते हैं। ग्लोबल समिट के लंच डिनर सेशन, प्रदेश की संपन्नता और आत्मीय तथा सर्व समावेशी व्यवहार के प्रकटीकरण का माध्यम बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए

## खंडवा के जैन मंदिर में चोरी कोशिश, दरवाजा नहीं खुला तो बदमाशों ने उसमें लगा दी आग



खंडवा (आरएनएस)। खंडवा शहर के नवकार नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। जैन मंदिर के मुख्य द्वार को जलाने की कोशिश सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना मंगलवार देर रात 1.53 बजे की बताई जा रही है। तीन बदमाश मंदिर की दीवार लांघकर मुख्य दरवाजे पर थैला लेकर पहुंचे। दरवाजे में आग लगाकर जलाया। सुबह जैन मंदिर के पट खोलने पुजारी और श्रद्धालु पहुंचे तो घटना का पता चला। पदम नगर थाना पुलिस, फारेंसिंक टीम ने मौका मुआयना किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुजारी के अनुसार मंदिर में चोरी नहीं हुई है,

## जम्मू-कश्मीर- बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला, सुरक्षाबलों ने चलाया सर्च अभियान

बारामूला. (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया. यह घटना मंगलवार-बुधवार की रात ओल्ड टाउन पुलिस चौकी पर हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. हालांकि, इस धमाके में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. जैसे ही पुलिसकर्मियों ने विस्फोट की आवाज सुनी, उन्होंने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया. रात करीब 10ः40 बजे पुलिस चौकी की दीवार के बाहर एक ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुष्टि हुई कि यह एक सुनियोजित हमला था. ग्रेनेड पुलिस चौकी के अंदर ऐसी जगह गिरा, जहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ. फिलहाल, पुलिस किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं ले पाई है, लेकिन स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है.



जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध पुलिस

बारामूला पुलिस ने घटना के बाद कहा कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. इससे पहले, 26 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी इलाके में सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने हमला किया था. यह हमला दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर 4-5 राउंड फायरिंग की और फरार हो गए. घटना के दौरान सेना का वाहन गश्ती पर था. सौभाग्य से, इस हमले में कोई जवान घायल नहीं हुआ. सेना के अनुसार, आतंकियों की गोलीबारी से कोई नुकसान नहीं हुआ और जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया.


### बेंगलुरु एयरपोर्ट से साउथ अभिनेत्री 12 करोड़ के सोने की तस्करी में गिरफ्तार, फिल्म इंडस्ट्री में मची सनसनी



बेंगलुरु. (आरएनएस)। कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री रान्या राव को दुबई से सोने की तस्करी करते हुए बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया है. राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने अभिनेत्री के पास से 14.8 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसकी बाजार में कीमत 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है. डीआरआई सूत्रों के अनुसार, रान्या राव पुलिस महानिदेशक (डीजी) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं और अपने पारिवारिक संबंधों का इस्तेमाल तस्करी के लिए कर रही थीं. उन्हें हवाई अड्डे पर तब हिरासत में लिया गया जब वह दुबई से पहुंचीं. अधिकारियों को रान्या राव के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद डीआरआई की टीम ने हवाई अड्डे पर निगरानी बढ़ा दी थी.

### अबू आजमी पर बरसे सीएम योगी, कहा- औरंगजेब को आदर्श मानते हैं सपा विधायक

## यूपी भेजिए, ढंग से इलाज कर देंगे



उत्तर प्रदेश- (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अबू आजमी के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोहिया से ज्यादा औरंगजेब समाजवादी पार्टी के आदर्श हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी हालिया टिप्पणी पर विवाद के बीच महाराष्ट्र विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान परयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका इलाज करेंगे। योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं। दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट कर दिया।

## औरंगजेब की तारीफ कर बुरे फंसे सपा विधायक अबू आजमी, अब महाराष्ट्र विधानसभा से हुए निलंबित

महाराष्ट्र-(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के बाद बजट सत्र तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। इससे एक दिन पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्होंने आजमी को सदन से निलंबित करने की मांग रखी है। सीएम शिंदे ने संवाददाताओं से कहा कि हमने उनके बयान की निंदा की है। उनके बयान की उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी और महाराष्ट्र के लोग उन्हें माफ नहीं करेंगे। उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा; हमने उन्हें (सदन से) निलंबित करने की अपनी मांग रखी है।

सदन में अबू आजमी के खिलाफ महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने प्रस्ताव पेश किया था। सदन ने प्रस्ताव पारित कर दिया। हाल ही में मरीन ड्राइव इलाके में मीडिया से बातचीत के दौरान आजमी ने कहा कि औरंगजेब एक अच्छे प्रशासक थे।% हालांकि, मंगलवार



को आजमी ने कहा कि उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और अगर भावनाएं आहत हुई हैं तो वह अपना बयान वापस लेने और माफी मांगने को तैयार हैं। आजमी ने कहा, मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने औरंगजेब रहमतुल्लाह अली के बारे में दावा किया है। आजमी ने कहा कि इसके कारण बजट सत्र को बाधित करना महाराष्ट्र के लोगों का नुकसान है। दिल्ली में, आजमी की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की एवं कहा कि वे सनातन धर्म का 'उन्मूलन' करने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, 'महायुति' के सदस्यों ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष आजमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने दावा किया कि आजमी औरंगजेब के वंशज हैं,

## युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता पर्यटन, बजट में विकसित भारत का खाका सामने आया-पीएम मोदी




नई दिल्ली-(आरएनएस)। बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों में और नवाचार आधारित विषयों में निवेश करना विकसित भारत की रूपरेखा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में विकसित भारत का खाका सामने आया है। इसमें बुनियादी ढांचे और कौशल विकास को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता है। इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। हमें प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई शोध के लिए एक राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा और इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा जाएगा। रोजगार सृजन को महत्व देते हुए सरकार ने 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

## मायावती ने अब भाई आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटाया, इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली.(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला है. पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कॉर्डिनेटर) पद से हटाने का फैसला किया है,

जबकि कुछ दिन पहले ही उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था. इससे पहले मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया था. यह बदलाव बसपा में नेतृतव को लेकर बड़े उलटफेर को दर्शाता है. मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि आनंद कुमार अब केवल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर ही बने रहेंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय आनंद कुमार की अपनी इच्छा के अनुरूप लिया गया है. मायावती ने ट्वीट किया, काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार को अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था.

## ग्वालियर में धमाके से तबाह हुआ फ्लैट... सबसे बड़ा सवाल- सिलेंडर और एसी ठीक, तो फिर फटा क्या?




ग्वालियर। ग्वालियर के गोला का मंदिर इलाके में भिंड रोड स्थित लेगेसी अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर एल-7 में देर रात करीब दो बजे ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के तीन फ्लैट भी ब्लास्ट क्षतिग्रस्त हुए हैं। पूरी बिल्डिंग में दरारें आ गईं। लिफ्ट टूट कर नीचे आ गिरीं। ब्लास्ट के वक्त रंजना और अनिल जाट फ्लैट में ही थे। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रंजना और उनके पति के नाम पर दो फ्लैट हैं। वे इसी बिल्डिंग में 7वें फ्लोर पर बने फ्लैट में रहते हैं। एक दिन पहले ही यहां रहने आ गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मुताबिक उन्होने धमाके के बाद दोनों को आग से झुलसा हुआ देखा। मौके पर सिलेंडर सुरक्षित मिला है। पुलिस का कहना है कि संभवत गैस रिसाव के कारण धमाका हो सकता है,वहीं लोग केमिकल ब्लास्ट की चर्चा भी कर रहे हैं। इस घटना के बाद से प्लाजा के लोग डरे हुए हैं और खतरा महसूस कर रहे हैं। पुलिस, नगर निगम, एफएसएल सहित एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। फ्लैट के अंदर गैस सिलेंडर या एसी में धमाका होने की आशंका थी, लेकिन ये दोनों ही सही मिले।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना पाटन में देर रात साहिल मेहरा उम्र 21 वर्ष निवासी खैरी रोसरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फोटोग्राफी का काम करता है दिनांक 1-3-25 को अपनी मोटर सायकल से रोंसरा से अपने गांव खैरी आ रहा था उसके आगे आगे उसके दोस्त नितिन मेहरा के पिता पंचू प्रसाद मेहरा निवासी रिंछ्रिया के अपनी मौटर सायकल से पाटन तरफजा रहे थे रात लगभग 8 बजे खैरी और रोंसरा के बीच पटन जबलपुर मेन रोड़ पर हार्वेस्टर क्रमांक यूपी 73 एई 9227 का चालक हार्वेस्टर को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पंचू प्रसाद मेहरा की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया

# संगठन निर्माण में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न




जबलपुर। किसी भी संगठन के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और भारतीय जनता पार्टी में भी चाहे संगठन हो सत्ता का दायित्व हो महिलाओ की भागीदारी बराबर तय की गई है, यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक में रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में कही।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, पूर्व अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर, महामंत्री श्री पंकज दुबे, श्री रजनीश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा हम उस देश के निवासी है जहां मातृशक्ति को प्रथम माना जाता है और हमारे संगठन में भी आज माताओं बहनों की भागीदारी बड़ी संख्या में हो रही है इसके लिए सभी बहिनें बधाई की पात्र है क्योंकि मोर्चा की बहनों को संगठन के साथ साथ अपने घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी भी होती और दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करना अपने आप में चुनौती पूर्ण होता पर आप सभी पूरी निष्ठा से अपने दिए गए कार्य को पूरा करती है यह अनुकरणीय है।

बैठक को पूर्व अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मधुबाला राजपूत, रीना राय, प्रियंका श्रीवास्तव दीपमाला केसरवानी, सुमन यादव, सुम्मी सोनाने, कल्पना तिवारी सारिका राय, आरती दुबे, मनीषा यादव, वंदना कनौजिया, पिंकी विश्वकर्मा, श्यामली झा, रेखा केवट सुमन बर्मन प्रेमलता रैकवार मीना नामदेव सविता नामदेव पुष्पा तिवारी नीतू सिंह माया सिंह संगीता पासी शोभा लोधी संध्या पासी सविता पासी रीता लोधी गायत्री गोटिया ललिता सिंह अरुणा ठाकुरकांता कोरी सरिता शर्मा रश्मि केवट अर्चना यादव रोशनी कमरे नीलम शर्मा सरस्वती ठाकुर पूर्णिमा शर्मा मीणा कुशवाहा नीता रजक प्रीति कोरी दीपिका चौहान नीतू दुबे आदि महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कला निकेतन की विद्यार्थी पल्लवी वर्मा को किया सम्मानित



जबलपुर, 5 मार्च। उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला प्रदर्शनी 2024-25 में शासकीय ललित कला निकेतन महाविद्यालय की मास्टर ऑफ आर्ट अंतिम वर्ष की विद्यार्थी पल्लवी वर्मा को उनकी चित्रकला कृति छंदक जातक के लिए लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार से पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने पुरस्कृत किया। पल्लवी वर्मा को पुरस्कार स्वरूप 51000 रूपए की सम्मान न?धि?, प्रमाण पत्र व शाल-श्रीफल प्रदान किया गया। पल्लवी वर्मा एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत रमेश कुमार वर्मा व रामरती वर्मा की पुत्री हैं।

# होला महल्ला पर बिखरेंगे गुरुवाणी के इलाही रंग



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। होली पर सिख समाज द्वारा मनाया जाने वाला महापर्व होला महल्ला इस वर्ष 14 मार्च को नर्मदा के परले तट पर स्थित गुरुद्वारा गौरीघाट में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । सिख समाज के मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह भोगल ने बताया कि श्री दरबार साहिब अमृतसर पंजाब के प्रसिद्ध हजूरी रागी जत्था भाई बलदेव सिंह, बीबी सिमरन कौर, लुधियाना सहित अनेक विद्वतजन श्रद्धालुओं को गुरुवाणी के इलाही रंगों से सराबोर करेंगे । इसके पूर्व 9 मार्च को प्रात: 9.30 बजे से यहां ऑटोमैटिक हाइड्रोलिक सिस्टम से लैस 75 फुट ऊंचे बसंती निशान साहिब की कारसेवा साध संगत द्वारा की जाएगी । पश्चात गुरु का लंगर वितरित होगा। प्रधानसाहब स. गुलजीत सिंह साहनी एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है। यहां संपन्न आवश्यक बैठक के साथ महापर्व की जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# दसवीं /बारहवी के पंजाबी, गायन, तबला बादन एवं कंप्यूटर विषय के पेपर मे सभी 103 बच्चें रहे उपस्थित , कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

**आज रहेगा दसवीं का संस्कृत एवं बारहवी ड्राइंग डिज़ाइन का 103 परीक्षा केंद्रों पर पेपर**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं वारहवी की बोर्ड परीक्षा का पंजाबी, गायन तबला वादन कंप्यूटर विषय का पेपर हुआ ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। दसवीं /बारहवी के गायन, तबला वादन, पंजाबी, कंप्यूटर के प्रश्नपत्र मे शहर के 11 परीक्षा केंद्रों पर 103 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी, आज के पेपर मे कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। सभी 11 परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन ड्डश्च्श्च के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा शास मॉडल स्कूल, बाबू मनमोहन दास हितकारिणी स्कूल दीक्षितपुरा एवं महाराष्ट्र स्कूल एबं सेंट नोर्बेट का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी।

6 मार्च को कक्षा दसवीं का संस्कृत तथा बारहवी का ड्राइंग डिज़ाइन विषय का पेपर

6 मार्च को कक्षा दसवीं का संस्कृत विषय का एवं कक्षा बारहवी का ड्राइंग डिज़ाइन विषय का कुल 103 परीक्षा केंद्रों पर पेपर रहेगा।

अब तक जिले मे शून्य हैँ नक़ल प्रकरण

इस वर्ष जिले मे एक भी नक़ल प्रकरण नहीं बना हैँ, किसी भी केंद्र पर कोई भी अनियमितता देखने को नहीं मिली।

कलेक्टर महोदय ने जिले मे नक़ल रोकने 11 उड़न दस्ता बनाये

जिले मे सभी एसडीएम के नेतृत्व मे फ्लाइंग एस्कॉट का गठन किया हैँ ये सभी दल ऑनलाइन एप्प के माध्यम से परीक्षा केंद्रों कासघन निरीक्षण कर रहे हैँ इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देश पर जिले के सभी ब्लाक मे ब्ब्श्वह्र के निरीक्षण दल के द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण किया जा रहा हैं।

# होली पर देश भर में चर्चित कार्यक्रम गुंजन का रसरंग महोत्सव 13 को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। होली के सांस्कृतिक स्वरूप के रक्षार्थ गुंजन कला सदन द्वारा 32 वर्षों से निरंतर जारी रसरंग महोत्सव इस वर्ष अनेक नए आकर्षण के साथ होलिका दहन की संध्या 13 मार्च को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक भवन में आयोजित है । समारोह में सभी अतिथियों और दर्शकों को आयोजकों द्वारा दूल्हा बनाकर सम्मानित किया जाता है । गुंजन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने बताया कि इस समारोह में नृत्यगुरु मोती शिवहरे के निर्देशन में मनभावन होली गीतों पर आकर्षक नृत्यों के साथ ही ख्यातिलब्ध हास्य कलाकार के. के. नायकर हास्य के धमाके करेंगे । संजय जैन कीपी एवं हिमांशु तिवारी के अनुसार इस अवसर पर दोनों ही कलाकारों को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा । देश के इस चर्चित समारोह में उपस्थिति की अपील सुरेश सराफ, लायन नरेंद्र जैन, विक्रम परवार आदि ने की है ।

# अ भा हिंदी सेवा समिति/ऑथर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया का आयोजन-कविता है यथार्थ का दर्पण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अ. भा। हिंदी सेवा समिति एवं ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में कला वीथिक में समरसता काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महामाहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे , अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे , विशिष्ठअतिथि अभय तिवारी, निर्मला तिवारी एवं छाया त्रिवेदी रहीं।

वक्ताओं ने कहा कि कविता यथार्थ का दर्पण है। प्रकृति, पर्यावरण, समाज,राष्ट्र और जीवन के विविध रसों को करुणा संवेदना और दिशाबोधक स्वरूप को अभिव्यक्त करने का कविता सशक्त माध्यम है ।

प्रारम्भ में सरस्वती वंदना श्रीमती अर्चना द्विवेदी गुदालू ने प्रस्तुत की । प्रमुख वक्ता के रूप में राजेश पाठक प्रवीण ने साहित्यकारों का समाज और संस्कृति के प्रति दायित्व पर प्रकाश डाला।आथर्स गिल्ड की संयोजक डॉ.उषा दुबे एवं हिंदी सेवा समिति की अध्यक्षएवं समारोह की संयोजक डॉ. सलमा जमाल ने संस्थागत गतिविधियों की जानकारी देते हुए साहित्य के वर्तमान स्वरूप पर चर्चा की।इस अवसर पर संतोष नेमा को उनके साहित्यिक अवदान के लिए अतिथियों ने सम्मानित किया। उन्हें शब्द सारथी अलंकरण से नवाजा गया । संचालन डॉ.मुकुल तिवारी एवं श्रीमती कविता राय के द्वारा किया गया ।समारोह में मथुरा जैन भी मंचासीन थे। आयोजन में नगर एवं बाहर के कवियों ने विविध विषयों पर काव्य रस वर्षा की जिसमें राजेंद्र मिश्रा , अर्चना मलैया , प्रभा खरे , भगत दुबे , विजय तिवारी किसलय , ज्योति मिश्रा , अमरेंद्र नारायण , जय प्रकाश , यशोर्वधन पाठक , प्रभा विश्वकर्मा , मीना भट्ट , प्रीति नामदेव , तरुणा खरे , सुशील श्रीवास्तव , राकेश सिंह राठौर , देव दर्शन , आशुतोष तिवारी , कामना कौस्तुभ , ज्योति प्यासी , रश्मि पांडे , डॉ.विवेक सरस , रजनी कोठारी , कुंजीलाल चक्रवर्ती प्रमुख थे ।आभार सुशील श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

# बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी।

ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध संचालक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह असिस्टेंट मैनेजर एचआर, सिक्योरिटी सब इंस्पेक्टर के लिए 23 मार्च सुबह 9 से 11, असिस्टेंट मैनेजर आईटी, सिविल अटेंडेंट व रेडियोग्राफर के लिए दोपहर 1 से 3, लेब टेक्निशियन के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ईसीजी टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, पब्लिसिटी ऑफिसर के लिए 24 को 9 से 11, एएनएम, स्टॉफ नर्स, प्रोग्रामर, वेलफेयर असिस्टेंट के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक, जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रॉनिक्स (प्लांट) के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। लाइन अटेंडेंट के लिए 26 से 29 मार्च 4 दिन सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह जूनियर इंजीनियर डिस्ट्रिब्यूशन, ट्रांसमिशन, प्लांट, इलेक्ट्रिकल के लिए 30 मार्च को सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की टीम घोषित

जबलपुर। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई। यह प्रतियोगिता 7 से 10 मार्च तक हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के तत्वावधान में हिसार में आयोजित होगी। एमपी पावर फुटबाल टीम में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के प्रकाश बैगा, कमलेश बैगा, पवन दुबे, संजय लाल बैगा, कृष्णा बैगा संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के सौरभ रोतिया, पुरूषोत्तम दास, राहुल बैगा पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह के लोक सिंह नारते, जबलपुर के अनंत कुशवाहा, हरीश नायक, विशाल सोना, मनोज कुमरे, राजेश कुमार सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा व कुलदीप बहादुर थापा को शामिल किया गया है। टीम के कप्तान कुलदीप बहादुर थापा होंगे। टीम के मैनेजर पवन पटेल व कोच संदीप बर्मन को नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम गुरूवार को हिसार रवाना होगी। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने एमपी पावर फुटबाल टीम को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामना दी।

# आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत महिला यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा रहा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करना और किसी भी प्रकार के संकट से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना है।

ऑपरेशन मेरी सहेली का उद्देश्य-

ऑपरेशन मेरी सहेली का मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं, ताकि महिला यात्री यात्रा के दौरान आत्मविश्वास और सुरक्षरित महसूस करें। इसके अतिरिक्त, आरपीएफ ने महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों और जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी है, ताकि उन्हें किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

आरपीएफ की यह पहल रेलवे नेटवर्क पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और विश्वासपूर्ण यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए है, जिसमें महिला यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या, हिंसा, या आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**ऑपरेशन मेरी सहेली की प्रमुख उपलब्धियाँ-**

ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत आरपीएफ, पश्चिम मध?य रेल द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 13160 महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए सहायता प्रदान करते हुए उन्हें उनके गंतव्य तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने में मदद की गई की गई।

ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत उठाये गए कदम और उपाय- आरपीएफ ने महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें शामिल हैं-

1) विशेष सुरक्षा प्रबंध- रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में महिला यात्रियों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों के लिए महिला आरपीएफ कर्मी तैनात किए गए हैं।2) जागरूकता- महिला यात्रियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके तहत आरपीएफ द्वारा महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों, जैसे कि चोरी, छेड़छाड़, और आपातकालीन स्थिति में किस तरह से मदद प्राप्त की जा सकती है, पर जानकारी दी जाती है।

3) तत्काल समाधान और सहायता- महिला यात्रियों की किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया है। आरपीएफ ने यात्रियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के लिए 24 घंटे उपलब्ध एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 139 भी जारी किया है।

आरपीएफ की अपील-

रेलवे सुरक्षा बल महिला यात्रियों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहें और किसी भी समस्या या संकट में आरपीएफ से तुरंत संपर्क करें। आरपीएफ की विशेष हेल्पलाइन और सुरक्षा उपायों का सही उपयोग करके महिला यात्री अपनी यात्रा को सुरक्षित और आत्मविश्वासपूर्ण बना सकती हैं। आरपीएफ महिला यात्रियों से यह भी अनुरोध करता है कि वे यात्रा के दौरान निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें-

ज़ यात्रा के दौरान अपने सामान और व्यक्तिगत सुरक्षा पर ध्यान दें।

ज़ ट्रेन या स्टेशन पर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सावधान रहें।

ज़ किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत आरपीएफ हेल्पलाइन 139 या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

निष्कर्ष-

ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पश्चिम मध?य रेल महिला यात्रियों के लिए एक सुरक्षित यात्रा का माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अभियान भारतीय रेलवे के समग्र प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आरपीएफ का यह कदम न केवल महिला यात्रियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि भारतीय रेलवे को एक सुरक्षित और समावेशी परिवहन सेवा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# एनआई कार्य के चलते तीन जोड़ी रेलगाड़ियाँ रहेंगी निरस्त 7 ट्रेनें चलेगी परिवर्तित मार्ग से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने और गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तित किया गया है। अपने प्रारंभिक स्टेशन से निम्नलिखित तारीखों को रवाना होने वाली रेलगाड़ियाँ निरस्त रहेंगी :- 1) गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 07 मार्च से 11 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 8 मार्च से 12 मार्च 2025 तक दोनों दिशाओं में 05-05 ट्रिप रद्द रहेगी। 2) गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 08 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 11 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी। 3) गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस दिनांक 09 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 10 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी। अपने प्रारंभिक स्टेशन से निम्नलिखित तारीखों को रवाना होने वाली रेलगाड़ियाँ मार्ग परिवर्तित रहेंगी :- 1) दिनांक 07 मार्च 2025 को सतंरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा तथा दिनांक 09 मार्च 2025 को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी। 2) दिनांक 07 मार्च 2025 को धनबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी साऊथ तथा दिनांक 09 मार्च 2025 को नासिक रोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03998 नासिक रोड-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी साऊथ-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

3) दिनांक 08 मार्च 2025 को कोलकाता से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी। 4) दिनांक 10 मार्च 2025 को मदार जंक्शन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी। 5) दिनांक 10 मार्च 2025 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा करे।



भोपाल -लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने 'मुक्ति की उड़ान' पत्रिका का विमोचन किया। उन्होंने पत्रिका का अवलोकन करते हुए संपादकीय टीम के प्रयासों की सराहना की और इसके प्रकाशन के लिए आभार व्यक्त किया। पत्रिका में मंत्री श्रीमती उइके के सार्वजनिक जीवन, कार्यों और विभागीय पहलों से जुड़ी जानकारियाँ शामिल हैं। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रमुख उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को भी समाहित किया गया है।

**प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख रूपये की स्वीकृति-छिंदवाड़ा एवं नवगठित पांढुर्णा जिला अन्तर्गत तीन वनमंडलों को पुनर्गठित किये जाने का निर्णय**

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत पोषण भी- पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति



भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा केन्द्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत पोषण भी- पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं भारत सरकार के मापदंडों अनुसार इसके आयोजन के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसका उद्देश्य बाल्यावस्था के प्रथम एक हजार दिवस में प्रारंभिक उद्दीपन, 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए ईसीसीई (देखभाल व शिक्षा) को बढ़ावा देना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई एवं शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना, खेल आधारित उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। इसका लक्ष्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना हैं।

मंत्रि-परिषद द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को गेहूं उपार्जन पर बोनस भुगतान एवं सरप्लस गेंहू के निस्तारण के संबंध में गेंहू उपार्जन पर बोनस राशि रुपये 125/- प्रति क्विंटल के स्थान पर राशि में वृद्धि करते हुए राशि रूपये 175/- प्रति क्विंटल किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।

निर्णय अनुसार गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर किया जायेगा। उपार्जन कार्य 15 मार्च से प्रारंभ हो जायेगा। गेंहू की एमएसपी दर रूपये 2,425 प्रति क्विंटल पर उपार्जन पर रूपये 175 प्रति क्विंटल बोनस दिया जायेगा। 80 लाख मीट्रिक टन गेंहू के उपार्जन पर 1,400 करोड़ रूपये राज्य के कोष से व्यय किया जायेगा।

धान उपार्जन अंतर्गत खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024 में धान का विक्रय करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 राशि के मान से 6.70 लाख किसानों को 12.20 लाख हेक्टेयर में पैदा की गई धान पर राज्य सरकार 480 करोड़ रूपये की राशि व्यय करेगी।

मंत्रि-परिषद द्वारा भारत सरकार के डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम के तहत प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए प्राक्कलित कुल राशि 138 करोड़ 41 लाख रूपये (कर सहित) की स्वीकृति प्रदान की गई। डिजिटाइजेशन के कार्य को म.प्र. भू-अभिलेख प्रबंधन समिति (एमपीएलआरएस) द्वारा खुली निविदा के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा वर्तमान में छिंदवाड़ा वन वृत्त (छिंदवाड़ा जिला एवं नवगठित पांढुर्णा जिला) अंतर्गत तीन वनमंडलों पूर्व/पश्चिम/दक्षिण छिंदवाडा को पुनर्गठित किये जाने का निर्णय लिया गया हैं। निर्णय अनुसार दक्षिण छिंदवाड़ा वनमंडल के 662.742 वर्ग कि.मी. वनक्षेत्र को नवगठित पांढुर्णा वनमंडल में तथा शेष 293.944 वर्ग कि.मी. वनक्षेत्र को पूर्व व पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडलों में शामिल किया जायेगा एवं वनमंडल दक्षिण छिंडवाड़ा को समाप्त किया जायेगा। दक्षिण छिन्दवाड़ा वनमण्डल से पुनर्गठित पांढुर्णा तथा पूर्व व पश्चिम छिंडवाड़ा वनमण्डलों में पदों का पुर्न आवंटन किया जायेगा।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित**

## पशुपालन मंत्री पटेल ने वितरित किए पशुपालन एवं डेयरी उद्योग के लिए ऋण



भोपाल-(आरएनएस) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल सेंट्रल द्वारा मंगलवार को एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरा औधोगिक क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, श्री लखन पटेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने पशुपालन एवं डेयरी उद्योग के लिए विभिन्न हितग्राहियों को ऋण वितरित किए। बैंक द्वारा कुल 255 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिनमें 30 करोड़ रुपए के ऋण पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में प्रदान किए गए। बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संजय रुद्रा द्वारा बैंक की योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में टेक्नोफाइबर इंडस्ट्रीज़ श्री अनिल अग्रवाल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के श्री अरुण कुमार सुरसला, उप अंचल प्रमुख, श्री प्रांजल बाजपेयी, ग्राहकगण, भोपाल स्थित शाखाओं के प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय कार्यालय, अंचल कार्यालय के सदस्य उपस्थित थे।

## पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण आधार- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम का महत्व केवल एक कानून तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक संकल्प भी है, जो लिंगानुपात को संतुलित करने और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए लागू किया गया है। इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण आधार है। यह अधिनियम उन सभी चिकित्सा प्रक्रियाओं और तकनीकों पर रोक लगाता है, जिनका दुरुपयोग भ्रूण के लिंग निर्धारण और कन्या भ्रूण हत्या के लिए किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के तहत गठित राज्य सुपरवाईज़री बोर्ड की बैठक में अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम अंतर्गत अनिवार्य फॉर्म- एफ़ अपलोड की स्थिति और प्रावधान अंतर्गत की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि ऐसे क्षेत्र जहाँ लिंगानुपात विपरीत है वहाँ सघन कार्यवाही और नियमित मॉनिटरिंग की जाये। विधायक श्रीमती प्रियंका मीणा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सुपरवाईजरी बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कानून की सफलता केवल इसके प्रावधानों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन, सख्त निगरानी और जनजागरूकता अभियानों पर भी आधारित है। यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक अल्ट्रासाउंड सेंटर, प्रसव पूर्व निदान सुविधा और चिकित्सा संस्थान कानून के तहत निर्धारित मानकों का पालन करे। कड़े कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ लोगों को नैतिक रूप से जागरूक करना भी आवश्यक है ताकि समाज में यह संदेश स्पष्ट रूप से जाए कि हर बालिका का जीवन मूल्यवान है और उसे समान अवसर मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में लिंग चयन गतिविधियों के प्रतिषेध हेतु मुखबिर योजना और पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम के दण्डात्मक प्रावधानों के प्रति जन-जागरूकता के निर्देश दिए।

वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा तिवारी ने बताया कि पूर्व बैठक में बोर्ड के निर्णय अनुसार वयोवृद्ध रेडियोलॉजिस्ट / सोनोलॉजिस्ट तथा ऐसे चिकित्सक जिनके द्वारा फिंगर प्रिंट की यूआईडीएआई से पुष्टि के अभाव में फॉर्म-एफ़ का अपलोड संभव नहीं हो रहा है, उनके लिए वैकल्पिक बायोमेट्रिक के तौर पर आईरिस स्कैन का विकल्प पी.सी.पी.एन.डी.टी. पोर्टल पर किया गया है। पी.सी.पी.एन.डी.टी. पोर्टल में ऑनलाइन प्रविष्टियों हेतु अर्हताधारी चिकित्सकों की पहचान पुष्टि के लिए 14 फरवरी 2025 को आधार ऑथेंटिकेशन की अधिसूचना जारी की गई। सोनोलॉजिस्ट की संख्या में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत कुल पंजीकृत संस्थाओं की संख्या 2884 है।

## मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिये 1431 नये पद स्वीकृत-ऊर्जा मंत्री तोमर



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की संगठनात्मक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रस्ताव में कम्पनी के लिये 1431 नवीन नियमित पद सृजित करने का अनुमोदन किया गया है। स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिये ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से कम्पनी के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में ट्रांसमिशन कम्पनी की कुल क्षमता 35 हजार मेगावॉट थी और अब 80 हजार मेगावॉट से अधिक हो गयी है। इसके बावजूद पदों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इससे कार्य प्रभावित हो रहा था। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी में संविदा के आधार पर कार्यरत कार्मिक निर्धारित आयु सीमा के पूरा होने अथवा नियमित सीधी भर्ती के पद पर चयनित होने अथवा परफार्मेंस के आधार पर संविदा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं होने तक कार्य करते रहेंगे। इस तरह से उनकी सेवा नियमानुसार जारी रहेगी। कम्पनी द्वारा नियमित तौर पर सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते समय समकक्ष पद पर उस समय कार्यरत संविदा कार्मिकों की संख्या घटाकर, शेष रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लाभ में काम कर रही है।

**राज्य मंत्री ने नर्मदापुरम में किया रेशम कृषि मेला का शुभारंभ**

## रेशम उद्योग के विकास को मिलेगी गति- राज्य मंत्री जायसवाल



भोपाल (आरएनएस) कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने नर्मदापुरम में रेशम कृषि मेला-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से रेशम उद्योग के विकास को गति मिलेगी। रेशम कृषि मेला रेशम उद्योग की प्रगति को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यह मेला केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश शासन के रेशम विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों को रेशम उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम उन रेशम किसानों को सम्मानित करने के लिए भी आयोजित किया गया है, जिन्होंने रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने मेले में रेशम उत्पादों की प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन किया। विभिन्न प्रकार के रेशम उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था। साथ ही, लाभार्थियों को वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रचार पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड बेसिक टसर सिल्कवर्म सीड ऑर्गनाइजेशन, बिलासपुर और केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के विशेषज्ञों द्वारा एक तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में मलबरी एवं टसर ककून उत्पादन की उन्नत तकनीकों, मेजबान पौधों की खेती, पालन-पोषण पद्धतियों, कोकून पश्चात प्रक्रियाओं तथा रेशम उप-उत्पादों की मूल्य संवर्धन श्रृंखला में उत्पाद विविधीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। मेले में करीब 400 हितग्राही, किसान शोधकर्ता, नीति-निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। मेले में प्रदर्शनी, तकनीकी व्याख्यान और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से रेशम उद्योग में सहयोग, ज्ञान आदान-प्रदान और नवाचार को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, श्रीमती माया नरोलिया, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री विजयपाल सिंह, श्री ठाकुरदास नागवंशी तथा श्री प्रेमशंकर वर्मा उपस्थित थे।

## सिंगरौली जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह सशक्त पंचायत नेत्री पुरस्कार से सम्मानित



भोपाल-(आरएनएस) सिंगरौली जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह को मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सशक्त पंचायत नेत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री श्री राजीव रंजन ललन सिंह ने यह पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल तथा युवा कार्यक्रम और खेल राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे भी उपस्थित रही। सिंगरौली जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सिंह के क्रांतिकारी प्रयासों से सिंगरौली जिले में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सड़क अधोसंरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष और जिला शिक्षा समिति की अध्यक्ष के रूप में इन्होंने जिले के ग्रामीण इलाकों में मेधावी छात्राओं को आर्थिक सहायता, लाइब्रेरी की उपलब्धता, मोटिवेशनल व्याख्यान, ऑनलाइन क्लासेज और करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जिसके परिणामस्वरूप जिले में महिला शिक्षा का प्रतिशत 44त्न से बढ़कर 58त्न हो गया है।

## निर्माण कार्यों में विलंब नहीं करें - राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल-(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने एम.जी.एम. विद्यालय से खजूरी वायपास मार्ग निर्माण में हो रहे विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण के दौरान कोई कठिनाई अथवा समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। सड़क निर्माण में देरी नहीं करें। लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जे.के. रोड निर्माण का पूरा कार्य मार्च 2025 अंत तक पूरा करना सुनिश्चित करें। जे.के. रोड का लोकार्पण अप्रेल 2025 के प्रथम सप्ताह में होगा। पिपलानी से खजूरी कलां वायपास निर्माण के कार्य को 30 अप्रैल 2025 तक पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आनंद नगर से यातायात नगर की सड़क के निर्माण को भी इसी वर्ष वर्षाकाल के पहले पूरा किया जाए। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में गोविन्दपुरा क्षेत्र की निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने आशिमा मॉल से वावड़िया कला नवीन ब्रिज निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही एक माह में पूरी करने के लिए कहा। गोविन्दपुरा क्षेत्र में एम.जी.एम. विद्यालय से खजूरी बायपास सड़क निर्माण में विलंब होने पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सहायक यंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी से कार्य का प्रभार वापिस लेने के निर्देश मुख्य अभियंता श्री संजय मस्के को दिए। उन्होंने महात्मा गाँधी सी.एम. राइज स्कूल की निर्माण ऐजेन्सी को जून अंत तक क्लास रूम निर्माण का कार्य पूरा करने और विद्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए।




# कचनार सिटी में भव्य हरिनाम संकीर्तन

जबलपुर/ चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव के अवसर पर संकीर्तन प्रभात फेरी श्रंखला के द्वतीय दिवस पं.देवेंद्र-नीलिमा त्रिपाठी, पार्षद अर्चना सिसोदिया के नेतृत्व में शिव मंदिर कचनार सिटी से प्रभात फेरी का शुभारम्भ होकर जैन मंदिर विजय नगर स्थित निवास पर पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में भव्य हरिनाम संकीर्तन संपन्न हुआ। जहां हरि-हरि बोल,गोरी शंकर सीता राम की मनमोहक प्रस्तुति कर मंगलकामनाओ के साथ पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पं.मदन तिवारी,आशु दुबे,कृष्णा उपाध्याय,आनंद द्विवेदी,सुनील जैन,अनुज अग्रवाल,मनोज श्रीवास्तव,दशरथ सिंह,श्रीमति मंजू जारोलिया,पूजा धगट,रानी पटेल,कृष्णा तिवारी,मीना सिंह,सरिता-नवीन श्रीवास्तव, डॉ.सुधीर अग्रवाल,सत्यप्रकाश नामदेव,संयोजक देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।

तृतीय दिवस गायत्रीदेवी राजपूत के आवास गौतम जी की मढिया गढ़ा से प्रात: 7 बजे संकीर्तन फेरी प्रारंभ होगी।







हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार

स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके लिए डबल इंजन सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर यह कहा।

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है, हर बच्चा योग्यता के अनुसार आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान करे। हर बच्चे को हम उत्तम शिक्षा देने को कृतसंकल्प हैं जिससे वे मजहबी शिक्षा तक न सीमित रहें, बल्कि हम उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। योगी ने समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मॉडल पर सवाल दागते हुए इसे महज ढोंग ठहराया।

महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार पर उन्होंने कहा कि सपा सदस्यों का आचरण उपहास, विरोध और अंत में स्वीकृति के माध्यम से उजागर हो गया। गंगा जल की शुद्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए योगी ने इसे अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया। अल्कलाइन पानी में महत्त्वपूर्ण खनिज संभावित लाभों के मद्देनजर मिले होते हैं। हालांकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिबूनल को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा था कि गंगा-यमुना के पानी में तय मानकों से कई गुना ज्यादा फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया है जो स्नान तो क्या आचमन के योग्य भी नहीं है। परंतु इसको गंभीरता से लेने की बजाय कुतकरे द्वारा खारिज करने में राज्य सरकार समेत पूरा महकमा जुट गया है।

# मोटापे से जाता है देश में भुखमरी-कुपोषण को रोकने का रास्ता

भारत विडम्बनाओं से भरा देश है। इन्हीं में से एक है मोटापा और भुखमरी। इनमें एक जुड़ाव भी है। एक तरफ अनावश्यक और अत्यधिक खाने से बढने़ वाला मोटापे से होने वाली बीमारियां राष्ट्रव्यापी समस्या बनती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ आबादी का एक बड़े हिस्सा दो वक्त का भरपेट भोजन नसीब नहीं होने से कुपोषित होकर रोगग्रस्त हो रहा है। यदि मोटापा खत्म या नियंत्रित हो जाए तो इससे भुखमरी व कुपोषण के लिए धन की कमी पूरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 119वी श्रृंखला में देश में बढ़ती मोटापे की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और भारत में मोटापे की व्यापकता पर ध्यान देने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं। जैसे एक तरीका है कि खाने के तेल में 10 पर्सेंट की कमी करना। भोजन में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के दस प्रसिद्ध लोगों को नॉमिनेट किया। मोटापा सिर्फ सेहत का मसला नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। एक नई स्टडी के अनुसार, भारत में मोटापे का आर्थिक बोझ 2030 तक बढ़कर 6.7 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगा। यह लगभग 4,700 रुपये प्रति व्यक्ति होगा, जोकि जीडीपी का 1.57 फीसदी है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, 2019 में मोटापे का आर्थिक प्रभाव 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह लगभग 1,800 रुपये प्रति व्यक्ति और जीडीपी का 1.02 फीसदी था। 2060 तक यह आंकड़ा बढ़कर 69.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जो प्रति व्यक्ति 44,200 रुपये और जीडीपी का 2.5 फीसदी होगा। यह स्टडी बताती है कि मोटापा सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में क्रमश॰ 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमश॰ 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व मोटापा महासंघ ने कहा कि भारत में दुनिया में मोटे व्यक्तियों का तीसरा सबसे बड़ा प्रतिशत है। किसी व्यक्ति को तब मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है जब उसका बीएमआई 27.5 से अधिक हो। पिछले 10 वर्षों में, भारत की मोटापे की दर लगभग तीन गुनी हो गई है, जिसका असर देश की शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी पर पड़ रहा है। मोटापे का वैश्विक संकट सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मोटापे की दर अधिक है, जो देश के तेज़ आर्थिक विस्तार और बदलती जीवन शैली मानकों के साथ मेल खाता है। भारत में 100 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। भारत में 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं पेट के मोटापे से ग्रस्त हैं। केरल (65.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (57.9 प्रतिशत), पंजाब (62.5 प्रतिशत) और दिल्ली (59 प्रतिशत) में यह दर बहुत यादा है।

मध्य प्रदेश (24.9 प्रतिशत) और झारखंड (23.9 प्रतिशत) में यह दर कम है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में पहले से ही 14.4 मिलियन बच्चे मोटे हैं। भारत में बचपन में मोटापे के प्राथमिक कारणों में खराब आहार विकल्प, निष्क्रियता और एक गतिहीन जीवन शैली शामिल है। प्रोसेस्ड स्नैक्स और फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बच्चे उच्च कैलोरी, कम पोषक तत्व वाले आहार खा रहे हैं, जिससे वजन बढ़ता है और मोटापा होता है। बचपन में मोटापे के परिणाम व्यापक हैं और लंबे समय में बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मोटे बच्चों को टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और सांस लेने में कठिनाई जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होने का उच्च जोखिम होता है। इसके अतिरिक्त, उन्हें निराशा और खराब आत्मसम्मान सहित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव होने की अधिक संभावना है, जो उनके सामान्य स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। विडम्बना यह है कि देश मोटापे से होने वाली चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में 127 देशों में भारत का स्थान 105वां है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में इस साल भारत की रैंक में सुधार हुआ है। लेकिन भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले देशों में शामिल है। 2024 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 27.3 है जो भुखमरी के एक गंभीर स्तर को दर्शाता है।

रिपोर्ट में हाल के वर्षों में भारत में कुपोषण के प्रसार में मामूली वृद्धि का उल्लेख किया गया है। भारत की रैंकिंग अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से केवल ऊपर है। श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान पर भारत से काफी आगे हैं। भारत में कुपोषण की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है।

## देश का भविष्य पानीपत का मैदान

हरिशंकर व्यास

इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत दोनों 75 वर्ष के होंगे। मेरा मानना है आरएसएस के सौ साल पूरे होने के कार्यक्रम के बाद 75 वर्ष की उम्र के हवाले भागवत रिटायर होंगे। पर 75 वर्ष की उम्र के कायदे में नरेंद्र मोदी क्या अपने किसी सहयोगी को सत्ता संभला कर रिटायर होंगे? नामुमकिन है। इसलिए पार्टी, मुख्यमंत्रियों और संगठन (अध्यक्ष मोदी के मनमाफिक ही होगा) के साथ ही संघ में नंबर दो दत्तात्रेय होसबले (उम्र 70 वर्ष) यदि संघ के प्रमुख बनें या कोई और भी बना तो वह प्रधानमंत्री के साये के नीचे ही रहेगा। इसलिए इस वर्ष के आखिर तक संघ परिवार और भाजपा के भविष्य की दिशा तय हो जानी है।

सवाल है नरेंद्र मोदी को उत्तर भारत की वोट राजनीति में सबसे ज्यादा किसकी जरूरत है? घूम फिर कर वापिस योगी आदित्यनाथ का चेहरा उभरता है। ऐसी स्थिति बन गई है कि 74 वर्ष के नरेंद्र मोदी और 52 वर्ष के योगी आदित्यनाथ की जोड़ी में ही आगे हिंदू राजनीति है। मैं इसे मामूली बात नहीं मानता जो प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की ब्रांडिंग में योगी आदित्यनाथ का अखिल भारतीय जलवा बनने दिया। सोचें, पूरे देश में पिछले छह महीनों में क्या हुआ है? घर-घर योगी आदित्यनाथ का चेहरा पहुंचा है। सो, योगी से अब कैसे पार पाया जा सकता है? योगी के चेहरे पर ही उत्तर प्रदेश का अगला चुनाव लड़ा जाना है और तीसरी बार यदि योगी की कमान में भाजपा ने चुनाव जीता तो इससे प्रदेश, देश, भाजपा-संघ की आगे क्या दिशा बनेगी, इसकी कल्पना कर सकते हैं! सो भाजपा-संघ अब वह नहीं है जो 2014 से पहले थी। चाल, चेहरे, चरित्र और बुनियाद सब बदल गई है। उसकी प्राण वायु हिंदू भावना है। इसी की बेफिक्री या अहंकार में वही होगा जो हिंदू राजनीति और हिंदुस्तान का अतीत है।

## आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण, जिम्मेदार कौन?

दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं।

चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय कोई सामान्य पेशा नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जीवन और जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें थोड़ी-सी भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। वहीं, अपना या अपने परिवार का इलाज करवाने के चक्कर में यदि कोई व्यक्ति या परिवार लूट-पिट जाए तो यह भी प्रशासनिक नजरिए से अनुचित है। और ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के पक्ष में सरकार और समाजसेवी संस्थाओं दोनों को अवश्य खड़ा होना चाहिए।

यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ विषय (पेशा) है, जिसे जनसेवा की भावना से किया जाए तो सरकार और संस्था दोनों को यश मिलेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति तो शुरू से ही %सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे संतु निरामया% की पक्षधर रही है। लेकिन देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।

दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के %शोषण% को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए। दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि %उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं।

## रमज़ान में रोजा रखते समय अपनाएं ये दैनिक रुटीन

जैसे-जैसे रमज़ान 2025 का पवित्र महीना शुरू हो गया है, दुनिया भर के मुसलमान आध्यात्मिक विकास, आत्म-ध्यान और भक्ति की एक परिवर्तनकारी यात्रा पर निकलने की तैयारी कर रहे हैं। रोज़ा रखना या उपवास रखना रमज़ान का एक बुनियादी पहलू है, जिसके लिए अनुशासन और दैनिक जीवन के प्रति विचारशील दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इस लेख में हम आपके लिए लेकर आएं, रमज़ान 2025 में अपनाई जाने वाली दैनिक दिनचर्या।

आम तौर पर रमज़ान का दिन सहरी से शुरू होता है, जो सूर्योदय से पहले खाया जाने वाला भोजन है। सहरी का समय लगभग 05॰00 बजे सुबह है। इस समय से पहले अपना भोजन पूरा करना ज़रूरी है, क्योंकि 05॰00 बजे के बाद खाने-पीने की अनुमति नहीं है। - अपना रोज़ा शुरू करने से पहले सेहरी के लिए दुआ अदा करें: वा बिसावमी घदिंग नौगज्यति मिन शहरी रमज़ान

सहरी के बाद, लगभग 05॰15 बजे फज्र की नमाज़ अदा करें। यह प्रार्थना समय आपके स्थान के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। फज्र की नमाज़ के बाद, आप अपना दिन शुरू कर सकते हैं। बहुत से लोग इस समय का उपयोग कुरान पढ़ने, अन्य सुबह की प्रार्थनाएँ करने या बस कुछ शांत ध्यान का आनंद लेने के लिए करते हैं।

## एक फिट और स्वस्थ भारत की समस्या ओबेसिटी

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किए हैं।

मोदी युग में स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्त्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से खाना पकाने के तेल की अपनी खपत कम करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को %मन की बात' के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, %एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है।'

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लडने़ के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहन लाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोग अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। इस जनोपयोगी पहल से देश में मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे। लोगों में मोटापा बढने़ के कई कारण हैं, जिनमें अति, अहितकर और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवन शैली में अन्य बदलाव करने से लोगों को मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है।

## बांके बिहारी मंदिर में नहीं की जाती है मंगला आरती, जानिए मंदिर से जुड़ा अनोखा सच

वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर भक्तों के लिए बेहद खास है। यहां पर हर रोज भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। वैसे तो इस मंदिर को लेकर कई रहस्य हैं, लेकिन इस मंदिर से जुड़ा एक अनोखा सच आपको सोचने पर मजबूर कर देगा। आज हम आपको बांके बिहारी मंदिर में होने वाली मंगला आरती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इस मंदिर में नहीं होती है। वैसे तो हर मंदिर में मंगला आरती होती है, लेकिन बांके बिहारी मंदिर में रोजाना सुबह मंगला आरती का आयोजन नहीं होता। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बांके बिहारी मंदिर में मंगला आरती क्यों नहीं होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, बांके बिहारी मंदिर रोज मंगला आरती नहीं होती है। क्योंकि रात के समय ठाकुर जी निधिवन में गोपियों संग रास रचने के लिए जाते हैं। फिर वह रात के तीसरे पहर में ठाकुर जी मंदिर पहुंचते हैं। इस मंदिर में ठाकुर जी की बाल रूप में सेवा होती है। इसी वजह से उनको सुबह देर से उठाया जाता है। बांके बिहारी मंदिर में आरती की शुरुआत ठाकुर जी का श्रृंगार करके श्रृंगार आरती से होती है।

## तो क्या निशांत कुमार की सियासी लॉन्चिंग से वंशवादी लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी?

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा।

वंशवादी लोकतंत्र का क्रांतिकारी भूमि बिहार में अपनी गहरी जड़ें जमाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है! यह लोकतंत्र की जननी वैशाली की मूल भावनाओं को मुंह चिढ़ाने जैसा है। ऐसा इसलिए कि सूबाई राजनीति को विगत 4 दशकों तक प्रभावित करते रहने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री बिहार, जदयू के मुखिया नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार और लोजपा आलाकमान रहे स्व. रामविलास पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने अपने-अपने लाडले क्रमशः तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार, चिराग पासवान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार और निशांत कुमार, सीएम इन वेटिंग, बिहार को अपनी राजनीतिक विरासत (सियासी जमींदारी) सौंप चुके हैं!

इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही देरी से फैसला किया हो, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद की भांति वो निशांत कुमार के लिए अपने समर्थकों से मजबूत फील्डिंग भी करवा रहे हैं। इससे प्रदेश की राजनीति में कई सवाल पैदा हो रहे हैं, क्योंकि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए इन क्षेत्रीय राजनीतिक सूबेदारों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की राह पर भाजपा का चलना देश की वैचारिक राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जबकि भाजपा को इतनी ऊंचाई देने वाली टीम का मानना है कि चूंकि लोहा ही लोहे को काटता है, इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत के लिए वो लोग जैसे को तैसा वाली राजनीति देंगे।

भाजपा की इसी सोच का फायदा उठाते हुए उसके दो बड़े कद्दावर नेताओं यानी पार्टी में नम्बर 2 की हैसियत रखने वाले अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री, भारत सरकार और नम्बर 3 की हैसियत पर जा चुके राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार भी अपने पुत्रों क्रमशः जय शाह और पंकज सिंह-नीरज सिंह को महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचा चुके हैं। यदि देखा जाए तो कांग्रेस और भाजपा के अलावा जितने भी यूपीए या एनडीए समर्थक क्षेत्रीय दल हैं, वो भी अपने अपने पुत्रों को अपनी राजनीतिक विरासत सौंप चुके हैं या ऐसी तैयारी में हैं।

इसलिए कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा। क्योंकि यूपी के समाजवादी पार्टी प्रमुख रहे स्व. मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश अपनी सत्ता अपने जीवनकाल में ही अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप चुके थे। वहीं महाराष्ट्र के शिवसेना प्रमुख रहे स्व. बाला साहेब ठाकरे अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव भाऊ ठाकरे, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र को सौंप चुके हैं। ये तो महज बानगी भर है, जबकि इसकी फेहरिस्त बड़ी लंबी है।

इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जब नौकरशाह का बेटा नौकरशाह, न्यायाधीश का पुत्र न्यायाधीश, उद्यमी का बेटा उद्यमी बन सकता है तो किसी राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता है! बात में तो दम है, लेकिन भारतीय संविधान भी इस विषय में मौन है! इससे साफ है कि सत्ता की एक अलग सोच होती है जो राजतंत्र, लोकतंत्र और तानाशाही में भी लगभग एक समान होती है। यह सोच है वंशवादी सोच, जहां राजा या नेता खुद को महफूज समझता है।

यदि आप आजादी के आंदोलनों, संपूर्ण क्रांति और अन्ना हजारे के आंदोलनों पर गौर करेंगे तो यह साफ पता चलेगा कि इन सबका कुछ अघोषित एजेंडा रहा है, जिसमें व्यक्तिवाद, सम्पर्कवाद और वंशवाद सर्वोपरि है। कहीं यह साफ दिखता है तो कहीं पर यह घुमाफिरा कर, लेकिन मूल मर्म यही कि सत्ता बड़ी बेवफा होती है, इसलिए चाहे जैसे भी हो इसे अपने परिवार के खूंटे से बांधे रहो। नेहरू-गांधी परिवार, संघ परिवार और क्षेत्रीय जातीय राजनीतिक परिवारों की सफलता-विफलता का कारण भी यही है।

हैरत की बात तो यह है कि जो समाजवादी-राष्ट्रवादी 1970-80-90 के दशक तक नेहरू-गांधी परिवार के वंशवाद का विरोध कर रहे थे, और तख्त बदल दो ताज बदल दो, वंशवाद का राज बदल दो जैसे नारे लगा रहे थे, उन्होंने कैसा क्षेत्रीय वंशवाद चलाया, अब जगजाहिर हो चुका है। हालांकि, इनमें सबसे धैर्यशाली निकले बिहार के कद्दावर मुख्यमंत्री और जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार ने भी जब अपने बेटे निशांत कुमार को सियासत में उतारने की हरी झंडी दे दी और उनके संग गुलदस्ता वाली फोटो वायरल करवा दिया, तो लोगों के दिलोदिमाग में इस वंशवादी लोकतंत्र को लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं।

पहला सवाल यह कि क्या पारिवारिक लोकतंत्र से आम भारतीयों का भला हो पाएगा? दूसरा सवाल यह कि, जो लोग हर बात में ब्राह्मणों या सवर्णों को कोस रहे थे, उन्होंने सत्ताधीश बनने के बाद कैसा आचरण प्रस्तुत किया? तीसरा सवाल यह कि, वंशवादी नेताओं ने अकूत सम्पत्ति जमा करते हुए हमारे देश की राष्ट्रीय सम्पदाओं को निजी हाथों में सौंपते जा रहे हैं और कोई राजनीतिक चहलकदमी नहीं दिखाई-सुनाई पड़ रही है, क्या इससे आम आदमी का भला होगा? चौथा सवाल यह है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद, क्षेत्रीयता बनाम राष्ट्रीयता का हश्र आने वाले दिनों में क्या होगा।

यह सवाल इसलिए कि जब तपे-तपाए नेताओं की जगह उनके अनुभवहीन पुत्र ले लेते हैं तो सिस्टम वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता है, जैसा कि उससे उम्मीद किसी भी सभ्य समाज को होती है। इससे पार्टी और नेता, दोनों कमजोर होते हैं। सत्ता से हट जाते हैं। लेकिन जब उनका लक्षित दुरुपयोग एक दूसरे को शह-मात देने के लिए किया जाता है तो स्थिति काफी विकट हो जाती है। भारत और भारतीय जनमानस इसी संक्रमण कालीन स्थिति से गुजर रहे हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने वाला है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपमें पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे, वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका रुका हुआ काम पूरा होगा।

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको दूरसंचार से शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा। बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय बजट का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखनी है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज कुछ बड़ा और अलग करने की सोच सकते है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर खास मेहमान आ सकते हैं,



शिवसेना ( यूबीटी ) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने औरंगजेब के संबंध में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की आलोचना की और राज्य विधानसभा से उनके स्थायी निलंबन की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए। यह सिर्फ बजट सत्र के लिए नहीं होना चाहिए, निलंबन स्थायी होना चाहिए। इससे पहले दिन में, अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया था।



# कांग्रेस को सिर्फ राहुल दिखते हैं', शामा मोहम्मद के रोहित शर्मा पर टिप्पणी से विवाद, नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस की प्रवक्ता शामा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। यह विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है और राजनीति से लेकर खेल जगत तक कई लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं।

दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रोहित शर्मा के जल्द आउट होने के बाद शामा मोहम्मद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रोहित शर्मा को 'मोटा खिलाड़ी' कह दिया। उन्होंने लिखा, रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के हिसाब से मोटे हैं! उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! और निश्चित रूप से, वे भारत के सबसे कमजोर कप्तान हैं।

उनकी यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर लोगों को पसंद नहीं आई और इसे रोहित शर्मा का मजाक उड़ाने वाला बयान माना गया। हर तरफ से इसकी कड़ी निंदा हुई।

जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस को फटकार लगाते हुए राहुल गांधी पर भी तंज कसा।

उन्होंने कहा- कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए! अब वे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के पीछे पड़ गए हैं! क्या वे अब राहुल गांधी को क्रिकेट खिलाना चाहते हैं, जब वे राजनीति में असफल हो चुके हैं?

भंडारी ने यह भी कहा कि यह हर भारतीय क्रिकेट प्रशंसक का अपमान है, जो अपनी टीम के साथ हर हाल में खड़ा रहता है। तेज होती आलोचना के बाद शामा मोहम्मद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए, लेकिन कांग्रेस इस विवाद में अलग-थलग पड़ती दिख रही है।

कांग्रेस की सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने रोहित शर्मा का समर्थन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-

मैं क्रिकेट की बड़ी फैन नहीं हूं, लेकिन इतना जरूर कह सकती हूं कि रोहित शर्मा, चाहे वजन कम हो या ज्यादा, उन्होंने भारतीय टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी मेहनत और समर्पण ही मायने रखते हैं। जीतकर आओ, चैंपियन!

इस मामले पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, कांग्रेस प्रवक्ता का यह बहुत शर्मसार बयान है, उन्होंने हमारी टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खिलाफ अपशब्द बोले हैं। हमारी टीम देश और दुनिया के सबसे अच्छी टीमों में एक है। इससे कांग्रेस की गंदी सोच पता चलती है। कांग्रेस को राहुल गांधी के अलावा कुछ और नहीं दिखता है। उनको लगता है कि राहुल गांधी को भारतीय टीम का कप्तान होना चाहिए। उनको लगता है कि राहुल गांधी ही देश के प्रधानमंत्री होने चाहिए। उन्हें राहुल गांधी के अलावा कुछ और नहीं दिखता है। मैं कांग्रेस प्रवक्ता के इस बयान की कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं।

दिल्ली विधानसभा के सदस्य और भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने आईएएनएस से कहा, पहले तो किसी के वजन के बारे मैं ऐसी बात बोलना गलत बात हैं और रोहित शर्मा ने देश का नाम रोशन किया हैं तो उस खिलाड़ी के बारे मैं ऐसी बात करना शर्मनाक बात हैं उनको अपने शब्द वापस लेनी चाहिए।

गौरतलब है कि रोहित शर्मा 2023 से भारतीय टीम के कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और दो एशिया कप जीते हैं। आईपीएल में भी वह मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के श्री सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की.



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस्कॉन द्वारा निर्मित श्री श्री राधा गोविंद मंदिर के भूमि पूजन समारोह के दौरान प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.

## जल्दी बच्चे पैदा करने शुरु कर दो', जानिए आखिर क्यों भारत में इस राज्य के सीएम ने नए जोड़ों को दिया संदेश

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक बच्चे पैदा करें, ताकि राज्य में जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होने पर राज्य को होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सके।

अपने 72वें जन्मदिन के मौके पर स्टालिन ने इस मुद्दे को उठाया था और कहा था कि अगर जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों का सीमांकन किया जाता है, तो तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में 39 लोकसभा सीटें हैं, जो परिसीमन के बाद घटकर 31 हो सकती हैं। इसके कुछ दिन बाद ही उन्होंने फिर से अपने बयान पर जोर देकर कहा कि राज्य की जनसंख्या को बढ़ाने की जरूरत है और इसके लिए उन्होंने राज्य के नागरिकों से अपील की कि वे ज्यादा बच्चों को जन्म दें, ताकि राज्य की संसदीय सीटों की संख्या बरकरार रहे।

इसके अलावा, स्टालिन ने त्रिभाषा नीति पर भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्कूली छात्रों के लिए धन मुहैया कराने के लिए त्रिभाषा नीति लागू कर रही है, लेकिन तमिलनाडु ने अपनी सफलता के लिए दो-भाषा नीति को अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु ने अपनी मातृभाषा तमिल के साथ-साथ अंग्रेजी को सीखकर प्रगति की है, जबकि हिंदी की बजाय अंग्रेजी को अपना कर राज्य ने दुनिया से संवाद स्थापित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु ने हिंदी को थोपे जाने के खिलाफ आवाज उठाई है और अब उत्तरी राज्यों से भी इसे समर्थन मिल रहा है। सीएम स्टालिन ने यह भी स्पष्ट किया कि तमिलनाडु की विशेषता को कुछ लोग नकारते हैं, लेकिन राज्य ने विज्ञान, तकनीकी और गणित में अपनी सफलता का रास्ता अपने शिक्षा पद्धतियों के माध्यम से ही प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हिंदी का बढ़ता हुआ प्रभुत्व कुछ लोगों के सामाजिक वर्चस्व को स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। उनका कहना था कि अगर तमिलनाडु ने हिंदी को प्राथमिक भाषा के रूप में अपनाया होता तो राज्य की सफलता को वह ऊंचाई नहीं मिल पाती जो वर्तमान में है।

सीएम स्टालिन ने सीमांकन की प्रक्रिया पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार की मंशा तमिलनाडु के अधिकारों को छीनने की है। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के कारण राज्य का संसद में प्रतिनिधित्व कम हो सकता है, जिससे तमिलनाडु की आवाज़ दब सकती है। उन्होंने इसे तमिलनाडु के अधिकारों पर हमला करार दिया और इसके खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि तमिलनाडु की आवाज़ को एकजुट करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी पंजीकृत दलों को आमंत्रित किया गया है और कई दलों ने इसमें भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। स्टालिन ने जनता से फिर से अपील की कि वे अपने राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर तमिलनाडु के हित में एकजुट हों और परिसीमन प्रक्रिया के खिलाफ एक आवाज उठाएं।

## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की ऑस्ट्रेलिया यात्रा, रक्षा सहयोग पर होगी बात

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा 4 मार्च से शुरू होगी और 7 मार्च तक जारी रहेगी। इस दौरान वह ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे और वहां वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि जनरल अनिल चौहान की यह यात्रा रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे होते संबंधों को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉन्सटन से मुलाकात करेंगे। जनरल अनिल चौहान यहां ऑस्ट्रेलियाई रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी से भी संवाद करेंगे। इनके अलावा तीनों सेनाओं के प्रमुख जनरल अनिल चौहान के साथ बैठक में शामिल होंगे। अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान सीडीएस, जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे। वह यहां ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा में शामिल होंगे। जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की परिचालन कमांड संरचना की जानकारी हासिल करने और संयुक्त अभियानों की संभावित पहल पर चर्चा करने के लिए फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे।



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के समापन पर श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

## बिहार : साधु संतों की ब्रज की होली में मुस्लिमों के बैन की मांग का भाजपा विधायक ने किया समर्थन

पटना (आरएनएस)। मथुरा के संतों ने होली पर ब्रज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग का बिहार के भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर ने भी समर्थन किया है। उन्होंने साधु संतों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जो हमारी संस्कृति को नहीं मानते हैं, उन्हें ऐसे आयोजनों पर जाने से रोका जाना चाहिए।

भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर ने कहा कि जिनके मदरसों में पढ़ाया जाता है कि चेहरे पर रंग लग जाने से अल्लाह दंड देगा, उन्हें रंगों के त्योहार में नहीं जाना चाहिए। साधु संतों की मांग का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि जब वे हमारे देवी-देवता को नहीं मानते हैं, हमसे बैर रखते हैं, तो ऐसे किसी भी आयोजन में जहां सनातन संस्कृति का उत्सव हो, वहां मुस्लिम बंधुओं को नहीं जाना चाहिए। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उनके भी पूर्वज हिन्दू ही थे।

उल्लेखनीय है कि मथुरा में होली धूमधाम से मनाई जाती है। इस बीच मथुरा के संतों ने एक सुर में इस समारोह में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। मथुरा के संतों का कहना है कि ब्रज की होली देखने देश-दुनिया से लोग मथुरा आते हैं।

## महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री की बेटी सुरक्षित नहीं, तो आम लोगों की सुरक्षा की बात कैसे की जा सकती है : अनिल देशमुख

नागपुर(आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने सोमवार को कहा कि राज्य में केंद्रीय मंत्री की बेटी सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की सुरक्षा की बात कैसे की जा सकती है।

अनिल देशमुख ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ छेड़छाड़ होती है। छेड़छाड़ होने के बाद शिकायत की जाती है, फिर भी कार्रवाई नहीं होती। जब कार्रवाई नहीं हुई तो खुद केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे बेटी के साथ थाने गईं। उन्होंने वहां जाकर पूछा कि शिकायत करने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यह हालत केंद्रीय मंत्री की है तो आम लोगों की क्या हालत होगी। यह बहुत बड़ा सवाल आज महाराष्ट्र की जनता के सामने है।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार को महाराष्ट्र में महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहे अत्याचार को रोकना चाहिए। कानून-व्यवस्था की स्थिति महाराष्ट्र में अच्छी हो, उसके लिए प्रयास करना चाहिए। पुलिस का खौफ महाराष्ट्र में नहीं है, इसलिए लोग इस तरीके की घटना को अंजाम दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने की जो हिम्मत करता है, तो आम आदमी के बच्चों के साथ छेड़खानी क्यों नहीं करेगा। इसके बारे में राज्य सरकार को सोचना चाहिए। कानून-व्यवस्था की स्थिति किस तरीके से सुधारे, इसके ऊपर काम करना चाहिए।

## विश्व वन्यजीव दिवस' पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने बनाई कलाकृति, लोगों को किया जागरुक

पुरी (आरएनएस)। प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी के समुद्र तट पर रेत से एक कलाकृति बनाकर 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर वन्यजीव संरक्षण की अहमियत समझाई।

पटनायक ने कहा, आज हम विश्व वन्यजीव दिवस मना रहे हैं, जो वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। मेरी रेत की कलाकृति 'आई लव वाइल्डलाइफ' का संदेश देती है।

बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'विश्व वन्यजीव दिवस' के संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, विश्व वन्यजीव दिवस पर, आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ङ्क आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! हम वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व करते हैं।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के साथ उत्तराखंड के हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव अभ्युदय में शामिल हुए.



उत्तराखंड के चमोली जिले के माना में हिमस्खलन के बाद रा%य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम खोज और बचाव अभियान चला रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है.

## आकाश आनंद पर मायावती का एक्शन- बसपा से निष्कासित किया ,कहा- वे अपने ससुर के प्रभाव में काम कर रहे थे

लखनऊ (आरएनएस)। बसपा मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद के खिलाफ एक और बड़ा एक्शन लिया है. सभी पदों से हटाने के बाद अब पार्टी से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है. इस एक्शन को लेकर बसपा मुखिया का कहना है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के आंदोलन के हित में और कांशीराम जी की अनुशासन परंपरा का पालन करते हुए आकाश आनंद को उनके ससुर की तरह पार्टी और आंदोलन के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है.

मायावती ने कहा बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी।

लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूँ।

अत: परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित, में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। हुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद की नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से छुट्टी कर दी है। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि उनके जीते जी कोई पार्टी का उत्तराधिकारी नहीं होगा।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित आल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटा दिया है। अब आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही दोनों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है।



तमिल सिनेमा में अभिनेत्री नयनतारा %लेडी सुपरस्टार% के नाम से मशहूर हैं। यह उपाधि उन्हें उनके प्रशंसकों ने उनके काम की वजह से दी है। लेकिन अब अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों से अनुरोध किया है कि वे उन्हें लेडी सुपरस्टार न कहें। अभिनेत्री ने एक बयान जारी कर प्रशंसकों से कहा है कि वह उनसे अनुरोध करती हैं कि वे मुझे नयनतारा कहें।

# बॉडीकॉन आउटफिट में छाई रकुल प्रीत सिंह, हर एक पोज पर अटक गई फैंस की नजर!



अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल, मिनिमल मेकअप और न्यूड लिप्सटिक शेड लगाकर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस का हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक सिजलिंग एंड हॉट। ऐसे ही एक के बाद एक यूजर फोटोज पर लाइक्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## भाग्यश्री की बेटी अवंतिका की नई फिल्म का ऐलान, नसीरुद्दीन शाह के बेटे विवान बने जोड़ीदार

अभिनेत्री भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी की नई फिल्म इन गलियों में का ऐलान हो गया है। वह इससे पहले तेलुगु फिल्म नेनु स्टूडेंट सर और वेब सीरीज मिथ्या में नजर आ चुकी हैं।

इस फिल्म में अवंतिका की जोड़ी अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के छोटे बेटे विवान शाह के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं।

अभिनेता जावेद जाफरी भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आइए बताते हैं इन गलियों में कब रिलीज होगी।

इन गलियों में के निर्देशन की कमान अविनाश दास ने संभाली है, जिन्हें रात बाकी है और अनारकली ऑफ आरा जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

विनोद यादव और नीरू यादव इसके निर्माता हैं।

# पति पत्नी और पड़ोसन पर युक्ति कपूरः मुझे भावनाओं के स्पेक्ट्रम में उतरने की चुनौती दी



ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा एक और बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर, पति पत्नी और पड़ोसन लेकर आया है। अभिनेत्री युक्ति कपूर को शो में मुख्य किरदार प्रतिभा की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

पति पत्नी और पड़ोसन विवाह, विश्वासघात और जुनून की अंधकारमय, पेचीदा गतिशीलता को उजागर करता है। यह शो एक छोटे शहर की जिज्ञासु मध्यवर्गीय गृहिणी प्रतिभा के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका किरदार युक्ति कपूर ने निभाया है। अपनी रहस्यमयी नई पड़ोसी सागरिका के प्रति उसका आकर्षण जल्द ही एक खतरनाक जुनून में बदल जाता है। जैसे ही वह सागरिका के भयावह अतीत को उजागर करती है, प्रतिभा को अपने पति को इस रहस्यमय अजनबी के घातक इरादों का शिकार होने से बचाने के लिए धोखे के जाल से गुजरना पड़ता है।

प्रतिभा के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, युक्ति कपूर ने कहा, एक ऐसे किरदार को निभाना वाकई रोमांचक था जो एक तरफ तो पालन-पोषण करने वाला है, दूसरी तरफ वह खतरे का सामना करने में भी दृढ़ है। प्रतिभा एक साधारण महिला है जो असाधारण परिस्थितियों में फंसी हुई है, जिसने मुझे भावनाओं के एक स्पेक्ट्रम में उतरने की चुनौती दी। उसकी यात्रा में बुने गए मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया। उन्होंने शो के लिए प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ सहयोग करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा, चारु और मुओहित ने शो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, हर दृश्य को अपनी तीव्रता से उभारा। पात्रों के बीच की स्तरित गतिशीलता कथा को मनोरंजक और अप्रत्याशित बनाए रखती है। मैं दर्शकों को पति पत्नी और पड़ोसन के रहस्य और नाटक में डूबे हुए देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ।

शो के पोस्टर में प्रतिभा के रूप में युक्ति कपूर साड़ी पहने हुए हैं और पृष्ठभूमि में एक मध्यम वर्गीय कॉलोनी दिखाई दे रही है।

राज शेट्टी के निर्देशन में बनी पति पत्नी और पड़ोसन में चारू मेहरा और मुओहित जौशी के अलावा अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

पति पत्नी और पड़ोसन 20 फरवरी, 2025 से विशेष रूप से हंगामा पर स्ट्रीम हो रही है।

## साउथ स्टार नानी की फिल्म द पैराडाइज का नया मिस्टीरियस पोस्टर जारी, 3 मार्च को मिलेगा बड़ा सरप्राइज

नैचुरल स्टार नानी की मच-अवेटेड फिल्म द पैराडाइज को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ता जा रहा है. जब से इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है, तब से यह चर्चा में बनी हुई है. खासकर, इसके निर्देशक श्रीकांत ओडेला, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म दशहरा बनाई थी, उनकी वजह से फिल्म को लेकर लोगों की उम्मीदें और भी ज्यादा हैं. पहले रिलीज हुए पोस्टर ने दर्शकों का ध्यान खींचा था और अब मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट दिया है. 3 मार्च को रॉ स्टेटमेंट रिलीज होने वाला है. इस एलान से पहले, मेकर्स ने द पैराडाइज का एक नया पोस्टर रिलीज किया है, जो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है. इस नए पोस्टर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है. मेकर्स ने पोस्टर को कैप्शन के साथ जारी किया जिसमें लिखा, आप अब कभी भी कौवे को पहले की तरह नहीं देखेंगे. इस पोस्टर में एक कौए का क्लोज-अप चेहरा दिख रहा है, जिसकी आंखों में चमकती रोशनी उसे और भी डरावना और रहस्यमयी बना रही है. ऊपर से कैप्शन ने सस्पेंस और बढ़ा दिया है, अब कौओं को पहले जैसा नहीं देख पाओगे. ये पोस्टर साफ बता रहा है कि मेकर्स कुछ तगड़ा और हटके लेकर आ रहे हैं. श्रीकांत ओडेला की दमदार स्टोरीटेलिंग और नानी की जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस को देखकर यही लग रहा है कि द पैराडाइज एक कमाल की फिल्म होने वाली है. अब सबकी नजरें 3 मार्च पर टिकी हैं, जब मेकर्स 'रॉ स्टेटमेंट' के जरिए फिल्म की पहली झलक देने वाले हैं. सस्पेंस बढ़ता जा रहा है, फैंस की एक्साइटमेंट भी! द पैराडाइज सिर्फ नानी की मच-अवेटेड फिल्म ही नहीं, बल्कि श्रीकांत ओडेला के साथ उनकी दूसरी जोड़ीदारी भी है. फिल्म को एसएलवी सिनेमा ने प्रोड्यूस किया है और इसका म्यूजिक अनिरुद्ध ने कंपोज किया है, जिससे इसका बज पहले से ही जोरो-शोरों पर है. 3 मार्च को हुए ग्रैंड

# छावा ने तोड़ा पुष्पा 2 का रिकॉर्ड, बनी तीसरे शुक्रवार सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म, कलेक्शन 550 करोड़ के पार

विक्की कौशल और लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा आधिकारिक तौर पर अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर गई है. पिछले 15 दिनों में, इसने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करके इतिहास रच दिया है. छावा 2025 में अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. 15 दिनों के बाद फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई है. राहत की बात है कि 15 दिनों के बाद भी विक्की कौशल की फिल्म डबल डिजिट में कमाई कर रही है. आइए जानते हैं कि छावा ने तीसरे शुक्रवार यानी रिलीज के 15वें दिन कितनी कमाई की है.

विक्की कौशल के पीरियड ड्रामा छावा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 15 दिन हो गए हैं. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने छावा को लेकर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें लिखा है, छावा का विजय अभियान जारी है. छावा ने अपना सेंसेशनल रन जारी रखा है. और इसका इंप्रेसिव वीक 2 बिज इसके अनस्टॉपेबल मोमेंटम को प्रूफ करता है. यह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है. सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि छावा का लाइफटाइम बिजनेस क्या होगा? ईमानदारी से, भविष्यवाणी करना बहुत जल्दी है. जबकि 500 करोड़ का आंकड़ा आसानी से हासिल किया जा सकता है, सप्ताह 3 के रुझान यह निर्धारित करेंगे कि यह 600 करोड़ को पार कर सकता है या नहीं. छावा के लिए एक बड़ा फायदा यह है कि ईद पर सिकंदर के आने तक इसे बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी फिल्म की कड़ी टक्कर नहीं मिलने वाली है.

तरण आदर्श के मुताबिक, पहले सप्ताह में लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म 225.28 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. जबकि दूसरे सप्ताह में फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई. दूसरे सप्ताह में छावा ने 186.18 करोड़ रुपये कमाए हैं. इस तरह फिल्म छावा ने 2 सप्ताह में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 411.46 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया है. वहीं, विक्की कौशल स्टारर के 15वें दिन की बात करें तो सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, छावा ने 15वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को 13.42 करोड़ रुपये कमाए हैं. 15 दिनों के बाद भारत में छावा ने लगभग 424.88 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है.

मेकर्स ने बीते शुक्रवार (28 फरवरी) को छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, विक्की कौशल की फिल्म छावा ने 14 दिनों में दुनियाभर में 555.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

गिरावट के बावजूद छावा ने तीसरे शुक्रवार को एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है. विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा ने हिंदी में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 द रूल को पछाड़ कर तीसरे शुक्रवार की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसे लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है. सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने तीसरे शुक्रवार को हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 11.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. जबकि बाहुबली 2 ने हिंदी में 10.05 करोड़ रुपये कमाए थे.

## फिल्म नादानियां का ट्रेलर रिलीज, 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

स्टार किड्स को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। आने वाले दिनों में कई सितारों के बच्चे बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाले हैं। इन्हीं में से एक हैं सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान।

इब्राहिम निर्माता करण जौहर की फिल्म नादानियां से अभिनय जगत में कदम रखने वाले हैं, जिसका ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम के किरदार अर्जुन मेहता के बारे में बताया जाता है, जो एक लॉ कॉलेज में जाना चाहता है। इसी बीच उसकी मुलाकात पिया जय सिंह (खुशी कपूर) से होती है, जो महत्वाकांक्षा से ज्यादा प्यार को प्राथमिकता देती है।

पिया और अर्जुन एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं, लेकिन ट्विस्ट तब आता है, जब अर्जुन सबको बताता है कि उसे पिया को डेट करने के लिए हर हफ्ते 25,000 रुपये मिलते हैं।

# आखिर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा क्यों रोती हैं? एक स्टडी में सामने आई वजह



आपने अक्सर अपने आसपास देखा होगा कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा रोती हैं. ऐसा कहा जाता है कि इससे महिलाओं की आंखें बहुत जल्दी खराब हो जाती हैं. लेकिन पुरुषों में आंसू जल्दी नहीं आते. आज हम आपको इसके पीछे का कारण एक अध्ययन के माध्यम से बताएंगे कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं सबसे ज्यादा क्यों रोती हैं...

एक अध्ययन में पता चला

मर्दों और महिलाओं के हार्मोन और रोने के पीछे का कारण पता करने के लिए 2011 में एक अध्ययन किया गया था. इस अध्ययन में कुछ ऐसी रिपोर्ट सामने आईं, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे. रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला एक साल में 30 से 64 बार या इससे भी ज्यादा बार रोती है, वो भी सार्वजनिक तौर पर. वहीं, पूरे साल में पुरुष 05 से 07 बार से ज्यादा नहीं आंसू बहाते हैं, हालांकि पुरुष अकेले रोना पसंद करते हैं.

मर्दों और महिलाओं के हार्मोन

रोने के पीछे का करण शरीर में मौजूद हार्मोन जिम्मेदार होते हैं. शोध के अनुसार, पुरुषों के अंदर वे हार्मोन होते हैं जो महिलाओं के मुकाबले अधिक शक्तिशाली और मजबूत संगठन बनाते हैं. इस हार्मोन का नाम है टेस्टोस्टेरोन. यह वही हार्मोन है, जो किसी मर्द में सबसे अधिक या सबसे कम होता है, जो उस पुरुष की यौन गतिविधि को नियंत्रित करता है. ये वही हार्मोन हैं जो पुरुषों को रुलाते हैं और भावुक कर देते हैं, ये इमोशनल इंटेलीजेंस को कम कर देते हैं और आंसुओं को बहने से रोकते हैं.

क्या कहती है रिसर्च

एक रिसर्च के बाद पुरुषों में कम आंसुओं का कारण प्रोलेक्टन हार्मोन को माना गया है. प्रोलेक्टॉन हार्मोन व्यक्ति को भावुक बनाता है और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है. पुरुषों में प्रोलेक्टन हॉर्मोन ना के बराबर होता है और महिलाओं में इसकी मात्रा अधिक होती है. इसलिए अपने अंदर कूट-कूट कर भरे हॉर्मोन के चलते ही महिलाएं ज्यादा रोती और भावुक होती है. वहीं पुरुषों की मर्दानगी वाला हॉर्मोन उन्हें रोने से रोक लेते हैं.

# कौन-सा हेयरब्रश आपके बालों के लिए सही है? जानें 5 प्रकार के हेयरब्रश



बालों की देखभाल में सही हेयरब्रश का चयन करना बहुत जरूरी होता है। हर व्यक्ति के बाल अलग-अलग होते हैं इसलिए उनके लिए सही ब्रश का चुनाव भी अलग होता है।

इस लेख में हम आपको पांच प्रकार के हेयरब्रश के बारे में बताएंगे, जो आपके बालों की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

चाहे आपके बाल सीधे हों या घुंघराले, लंबे हों या छोटे, यहां आपको हर प्रकार के बालों के लिए उपयुक्त ब्रश की जानकारी मिलेगी।

गोल ब्रश से पाएं वॉल्यूम

गोल ब्रश का उपयोग खासतौर पर वॉल्यूम बढ़ाने और कर्ल बनाने के लिए किया जाता है।

यह ब्रश उन लोगों के लिए अच्छा होता है जिनके बाल पतले होते हैं और उन्हें अधिक घना दिखाना चाहते हैं।

गोल ब्रश से ब्लो ड्राई करते समय आप अपने बालों को जड़ों से उठाकर उन्हें अधिक वॉल्यूम दे सकते हैं।

इसके अलावा यह ब्रश कर्लिंग आयरन की तरह काम करता है, जिससे आप अपने बालों में हल्के कर्ल बना सकते हैं।

पैडल ब्रश से पाएं स्मूद लुक

पैडल ब्रश बड़े और चौड़े आकार का होता है, जो लंबे और सीधे बालों को सुलझाने में मदद करता है।

यह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प होता है, जिनके बाल उलझ जाते हैं या जिन्हें रोजमर्रा में जल्दी तैयार होना पड़ता है।

पैडल ब्रश से आप आसानी से अपने बालों को सुलझा सकते हैं और उन्हें एक स्मूद लुक दे सकते हैं।

इसका उपयोग गीले या सूखे दोनों ही तरह के बालों पर किया जा सकता है।

डिटैंगलर ब्रश से करें उलझे हुए बाल ठीक

डिटैंगलर ब्रश खासतौर पर उलझे और नाजुक बालों को सुलझाने के लिए होता है।

इसके दांत नरम होते हैं, जो बिना खींचे उलझनों को दूर करते हैं, जिससे टूटने का खतरा कम होता है। यह बच्चों और संवेदनशील स्कैल्प वाले लोगों के लिए भी सही होता है क्योंकि इससे दर्द नहीं होता और स्कैल्प पर दबाव नहीं पड़ता।

डिटैंगलर ब्रश गीले या सूखे दोनों तरह के बालों पर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे आपका अनुभव आरामदायक बनता है।

वेंटेड ब्रश से करें जल्दी ड्राई

वेंटेड ब्रश उन लोगों के लिए आदर्श होते हैं, जिन्हें जल्दी-जल्दी गीले बाल सुखाने होते हैं। इसमें हवा पास होने की जगह होती है, जो ब्लो ड्राई में मदद करती है। यह खासकर मोटे या घने बालों वाले लोग पसंद करते हैं क्योंकि यह तेजी से बाल सुखाता है।

## शब्द सामर्थ्य -343

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना शहपुरा में शुभम मेहरा उम्र 24 वर्ष निवासी विराट कालोनी शहपुरा ने सूचना दी कि उसका बडा भाई सौरभ मेहरा उम्र 26 वर्ष, मां सुनीता मेहरा, पिताजी मनोज मेहरा के साथ वार्ड नम्बर 1 टोलनाका बहरूमाता मंदिर के पास परिवार सहित रहता है तथा ड्रायवरी करता है आज दोपहर लगभग 1 बजे मामी रश्मि मेहरा ने बताया कि भाई सौरभ झारिया घर (टपरिया) में बांस की बल्ली से साड़ी बांधकर गले में फासी का फंदा लगाकर लटक रहा है। जाानकारी मिलने पर तुरंत भाई के घर पहुँचे वहा पर मां सुनीता मेहरा, भाभी खुशबू झारिया, दीदी काजल झारिया मिली,

# शासकीय विज्ञान महाविद्यालय स्वर्ण पदक अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक अलंकरण तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन से हुआ। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत संस्था के प्राचार्य तथा प्राध्यापकों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय सांसद श्री आशीष दुबे जी ने ने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन का अंतिम लक्ष्य राष्ट्र कल्याण ही होना चाहिए। हमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा विश्व गुरु बनाने में अपनी आहुति देना सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ राजेश कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य राष्ट्र कल्याण होता है हमें अपनी समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा को सदैव अपने स्मरण में रखते हुए अपनी संस्कृति तथा सभ्यता के गौरव को अक्षुण्य में बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहा है प्राचार्य डॉक्टर ए एल महोबिया ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आपने संस्था में वर्ष भर में किया जा रहे कार्यों का लेखा-जोखा, उपलब्धियां का विवरण सम्मान, शोध कार्य, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की उपलब्धियां का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री माइकल प्रदीप कपूर भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य श्री अंकित फ्रांसिस ,श्री कमलेश दहिया सहित महाविद्यालय एलुमनी समिति के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह श्री एच बी पालन श्री नागरकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्नेह सम्मेलन की संयोजक डॉक्टर वर्षा अगलावे तथा आभार प्रदर्शन डॉक्टर जया बाजपेई द्वारा किया गया।

स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विषयों तथा संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है इस अवसर पर आयोजित किया गया। प्रभारी डॉ शिखा सक्सेना ने बताया कि सुश्री मृदुल मिश्रा, सुश्री अदिति यादव तथा गरिमा नेमा को दो-दो स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। कल 17 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का स्वर्ण पदक पुरोहित कुमार परस्ते को दिया गया। इस अवसर पर स्वर्ण पदक प्रदाता भी उपस्थित रहे । वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार किया गया। एनसीसी में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मिलित विद्यार्थी सौम्या उपाध्याय, अनु यादव, मोहिका जैन ,आशीष राव एन एस एस में नेहा परस्ते तथा खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले पुरोहित परस्ते, आदित्य पटेल अभिषेक पटेल, प्रवीण ऊईके तथा आदित्य त्यागी को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय खेलकूद तथा वार्षिक कला, संस्कृति एवं विज्ञान के क्षेत्र में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में गीत संगीत का कार्यक्रम स्वर लहरी आयोजित किया किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों आर्केस्ट्रा की सुमधुर धुनों के साथ अनेक गीत प्रस्तुत किए। सजल राजपूत द्वारा प्रस्तुत मेरे प्यार की उमर ,फिलिप मरावी द्वारा मैं कोई ऐसा गीत गाउ ने दर्शकों की वाह वाही लूटी। रंजन साहू द्वारा प्रस्तुत गीत ये मेरा दिल प्यार का दीवाना हर्षित दुबे द्वारा प्रस्तुत दिल दीवाना इत्यादि गीतों की प्रस्तुति से हाल तालिया से गूंज उठा। इस अवसर पर अध्यापकों सुनील सुनील नागी , डीके कोस्टा, रचना सांचा, राजश्री कपूर, संजय सोनकर ,अनुषा अय्यर सहित अनेक प्राध्यापकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन समन्वयक डॉ पुष्पराज चौधरी ने किया।कार्यक्रम में डॉ सुनीता शर्मा डॉ ज्योति श्रीवास्तव डॉ राजश्री कपूर सहित समस्त स्टाफ का महती योगदान रहा।

**अपर आयुक्त के साथ संभागीय अधिकारी सुरेन्द्र मिश्रा और आर.आई. रामचन्द्र वर्मा ने की कुर्की की कार्रवाई ॰बकाया करों की राशि जमा नहीं करने पर कुर्क सम्पत्तियों को किया जायेगा नीलाम**

# निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर बकाया 2 लाख 64 हजार की राशि वसूल करने अपर आयुक्त अंजू सिंह खुद पहॅुंची करदाताओं के पास




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत आज संभाग क्रमांक 7 में बड़े करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा कराने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर खुद अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी सुरेन्द्र मिश्रा एवं आर.आई. रामचन्द्र वर्मा के साथ करदाताओं के यहॉं दस्तक दी और 2 लाख 64 हजार बकाया करों की राशि जमा करने करदाताओं को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवस के अंदर उक्त राशि करदाताओं के द्वारा जमा नहीं की जाती है तो उक्त सम्पत्तियों को नियमानुसार कार्रवाई की जाकर नीलाम की जायेगी। उन्होंने बताया कि दीवान आधार सिंह वार्ड अंतर्गत हज्जन अरफाना बेगम, हाजी अब्दुल मजीद आशा नगर कमल एजेन्सी के पीछे बकाया राशि 1 लाख 93 हजार 8 सौ 35 एवं अब्दुल मजीद मोहम्मद शमशाद आधारताल बकाया राशि 70 हजार 7 सौ 80 रूपये कुल राशि 2 लाख 64 हजार 6 सौ 15 रूपये होने पर सम्पत्ति को कुर्क किया गया है, उक्त सम्पत्ति पर 10 साल से सम्पत्ति कर, जलकर, कचरा प्रबंधन कर आदि बकाया है, यदि भवन स्वामी द्वारा अंतिम सूचना देने के तीन दिवस के अंदर उक्त राशि जमा नहीं की जाती है तो सम्पत्ति को अधिग्रहण कर नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी।

# त्रिविधा कला मंच की संगीत निशा आज





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। त्रिविधा संगीत कला मंच के तत्वावधान में वसन्तिका स्वर निशा का आयोजन श्री सुभाष दीक्षित एवं श्रीमती श्रुति दीक्षित के संयोजन में 6 मार्च को शाम 6.30 बजे से दत्त मन्दिर हॉल गोलबाजार में किया गया है।जिसमें मराठी और हिन्दी फिल्मी गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा।मराठी गीतों का संचालन श्रीमती शिल्पा ताम्हणे एवं हिंदी गीतों का संचालन राजेश पाठक प्रवीण करेंगे। समारोह के अतिथि प्रकाश माणके, रूद्रदत्त दुबे,के.के.दुबे,प्रो.एच.बी.पालन एवं ध्रुव गुप्ता होंगे।

गायक कलाकार

किशोर ताम्हणे, सुभाष दीक्षित, धर्मपाल विश्वकर्मा, धुव्र मुखर्जी, मयंक विश्वकर्मा, पल्लवी फाटक, दीप्ति राय,श्रृति दीक्षित,रेणु जैन, शर्मिला मुखर्जी, आभा दातार, प्रेरणा रानाडे सुमधुर गीतों को प्रस्तुत करेंगी।वाद्य वादक कलाकार मलय श्रीवास्तव,शरद त्रिपाठी, ऋषभ पटेल,मोनु यादव,एवं शशांक त्रिपाठी होंगे।

# एम.पी. ट्रांसको ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिये प्रतिष्ठित 11वें गवर्नेंस-नाउ पी.एस.यू. अवार्ड से पुरस्कृत

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) को अपने ट्रांसमिशन नेटवर्क में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिये राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित 11वें गवर्नेंस-नाउ पी.एस.यू. अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के प्रभावशाली योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित यह पुरस्कार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) को ऑपरेशनल एक्सीलेंस-''ऑटोमेशन एंड डिजीटल टेक्नॉलाजी'' केटेगरी में नवाचार एवं अत्याधुनिक तकनीकों के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये प्रदान किया गया है। दिल्ली के ऐरोसिटी आयोजित भवन समारोह में एम.पी. ट्रांसको को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के मानव संसाधन विकास और जल संसाधन, नदी



विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय के पूर्व राज्य मंत्री श्री सत्यपाल सिंह ने प्रदान किया, जिसे मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ ने प्राप्त किया। यह आयोजन प्रतिष्ठित संस्था गवर्नेंस-नाउ द्वारा आयोजित किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने एम.पी. ट्रांसको को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग

करने वाला देश का शुरूआती राज्य

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री आर.एस. बघेल के विशिष्ट प्रयासों से ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग करने वाला देश का शुरूआती राज्य है। मध्यप्रदेश के इस मॉडल को देश की अन्य विद्युत यूटिलिटी ने भी अपनाया। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने ड्रोन पेट्रोलिंग से प्राप्त डाटा का व्यापक विश्लेषण एवं अन्वेषण कर ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स सटीकता से किया, जिससे एम.पी. ट्रांसको की लाइनों के ब्रेकडाउन में कमी लाई जा सकी है।

**तालाबंदी की कार्रवाई के उपरांत 80 हजार रूपये नगद प्रतिष्ठान संचालक ने किया जमा ॰शेष राशि लोक अदालत में जमा करने का दिया आश्वासन**

# निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने राजस्व वसूली के लिए की बड़ी कार्रवाई

**बकाया करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं की सम्पत्तियॉं कुर्क करने के साथ प्रतिष्ठान में की तालाबंदी**





जबलपुर। नगर निगम द्वारा सभी 79 वार्डो में राजस्व वसूली अभियान बड़ी जोर शोर से चलाया जा रहा है। वसूली अभियान के दौरान जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि समय पर जमा नहीं की जाती है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई के साथ-साथ भवन एवं प्रतिष्ठानों में भी तालाबंदी करने की लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा उनके नाम भी सार्वजनिक किये जा रहे हैं। आज इसी तरतम्य में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार संभागीय अधिकारी एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत मदन महल वार्ड में बकायादारों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत मदन महल वार्ड में बकायादार सत्यप्रकाश, देवी सिंह, राजेन्द्र सिंह पर 2 लाख 12 हजार 2 सौ 53 रूपये बकाया होने पर लगातार नोटिस जारी किये गए, परन्तु भवन स्वामी द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गयी, जिस कारण भवन स्वामी के विरूद्ध कुर्की कर तालाबंदी की की कार्रवाई की गयी। जिसपर भवन स्वामी द्वारा कार्यवाही के समय ही 80 हजार रूपये की राशि नगद जमा की गयी तथा शेष राशि लोक अदालत के समय जमा करने कहा गया। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी संभागीय अधिकारियों को भी बकाया करों की राशि करदाताओं से जमा कराने सख्ती बरतने के निर्देश दिये हैं साथ ही सम्पत्तियों को कुर्क करने के साथ-साथ भवनों एवं प्रतिष्ठानों में वैधानिक प्रक्रिया को पूरी करते हुए तालाबंदी की कार्रवाई भी करने के सख्त निर्देश दिये हैं। कार्यवाही के समय राजस्व निरीक्षक रिषी कुशरे, करसंग्रहिता निर्मला मलिक, बाजार निरीक्षक संदीप पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## 8 मार्च 2025 को चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस शोर्ट टर्मिनेट रहेगी

जबलपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के चलते दिनांक 08 मार्च 2025 को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी अत: यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी ङ्ख

इसी प्रकार वापसी में दिनांक 9 मार्च 2025 अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी अत: यह गाड़ी अजमेर से सांगानेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेल प्रशासन को खेद है ङ्ख

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं जैसे ह्ज्ञश्वस्र या 139 के माध्यम से गाड़ियों की सही स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 5 मार्च से माननीय कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा के निर्देशन में आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम को मप्र विज्ञान एवं तकनीकी परिषद भोपाल द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है । इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा गतिविधियों का आयोजन जैसे के नवाचार एवं विज्ञानं थीम पर पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तर प्रतियोगता आदि का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नृजातीय पशु चिकित्सा ज्ञान के माध्यम से पशु स्वास्थ्य में वृद्धि - एक औषध विज्ञान परिप्रेक्ष्य विषय पर डॉ ?म जे राजा प्राध्यापक वेटरनरी कॉलेज नमक्कल द्वारा छात्रों को सम्बोधित किया गया । विजयी विद्यार्थियों को पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान 6थ मार्च को किये जाएंगे। इस कार्यक्रम के द्वारा विज्ञान के व्यवहारिक जीवन में उपयोग तथा विज्ञान के द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना का प्रसार जनसामान्य एवं विद्यार्थियों में किया गया । कार्यक्रम का संयोजन डॉ अनिल गट्टानी तथा डॉ संजय शुक्ल द्वारा किया गया एवं डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ राखी वैश्य , डॉ रूचि सिंह, डॉ आनंद जैन डॉ हरी आर , डॉ प्रगति पटेल डॉ पूर्णिमा का सराहनीय योगदान रहा ।

# Sensodyne (सेंसोडाइन) ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरुआत की

मार्च 2025, भारत (सेंसोडाइन), जो हेलियोन (।ड्डह्यद्गश्ठ) (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) का एक जानामाना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डङ्? बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए स्द्गठ्ठह्यशस्त्र4ठ्ठद्ग ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा।


यह रिकॉर्ड स्द्गठ्ठह्यशस्त्र4ठ्ठद्ग (सेंसोडाइन), के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। स्द्गठ्ठह्यशस्त्र4ठ्ठद्ग (सेंसोडाइन), पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में चिल टेस्ट किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ़ उठाने में मदद मिली है। यह पहल लोगों की जीवन की खुशहाली लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# नथिंग फ़ोन (3ए) और फ़ोन (3ए) प्रो भारत में लॉन्च किए गए

भारत, (नथिंग) ने आज फ़ोन (3ए) सीरीज़ पेश की, जो एडवांस्ड फ़ीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फ़ोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल ज़ूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार स्ठ्ठड्डश्चस्त्रह्लड्डद्दश्ठ0 प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और नवाचार — ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं।

डिज़ाइन ॰फ़ोन (3ए) और फ़ोन (3ए) प्रो दोनों में ही यादा सोफ़ेस्टिकेटेड लुक और फ़ील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फ़िनिश में परिष्कृत विज़ुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा, फ़ोन (3ए) सीरीज़ ने अपनी टिकाऊपन को भी द्बक्क64 रेटिंग में अपग्रेड किया है।

कैमरा ॰जब कैमरे की बात आती है, तो ह्लशह्लद्धद्वठ्ठद्द ने फ़ोन (3ए) सीरीज़ में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। फ़ोन (3ए) में पहली बार ऑप्टिकल ज़ूम के साथ एक अपग्रेडेड 50स्क्क मेन सेंसर और एक स्थ्ठ4 अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फ़ोन (3ए) के टेलीफ़ोटो कैमरे में 50 मिमी समतुल्य फोकल लेन्थ पर विस्तृत शॉट्स के लिए तेज़ द्ध/2.0 अपर्चर के साथ एक दमदार 50स्क्क सेंसर है। 2× ऑप्टिकल रीच एक बेहतरीन ज़ूम के लिए आधार तैयार करती है,



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना लार्डगंज में श्रेष्ठ रैकवार उम्र 24 वर्ष निवासी चुंगीनाका माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एचडीएफसी बैंक में ऐजेन्ट का काम करता है अपने दोस्त आकाश जैन, प्रियांशु सोनी, के साथ जीरो डिग्री विवेकानंद तिराहे के पास चाय की दुकान पर चाय पी रहा था शाम लगभग 5-45 बजे स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेड ई 9061 से तीन चार लड़के आये रोड़ किनारे गाड़ी खड़ी करके चाय की दुकान पर आये और उससे कुर्सी मांगने लगे उसने कुर्सी देने से मना करते करते हुये कहा कि मै चाय पी रहा हूॅ

# जन्मदिन पार्टी में हर्ष फायरिंग, एयरपोर्ट रोड पर केक काटने के बाद मचाय हंगामा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में डुमना रोड स्थित मैगी प्वाइंट पर जन्मदिन की पार्टी मना रहे युवकों ने हर्ष फायरिंग करते हुए हंगामा किया है. हर्ष फायरिंग व हंगामा का वायरल वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गया. इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस की विभिन्न टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

खबर है कि डुमना विमानतल रोड पर स्थित मैगी प्वाइंट में रामरुद्र यादव निवासी ककरतला ने अपने जन्मदिवस की पार्टी मनाई, इस दौरान रामरुद्र के कई दोस्त एकत्र हुए. यहां पर पहले केक काटा गया इसके बाद युवकों ने हर्ष फायरिंग शुरु कर दी. फायरिंग की आवाज लोगों ने दूर दूर तक सुनाई दी. युवकों द्वारा यहां पर देर रात तक जमकर हंगामा किया गया. जन्मदिवस पार्टी में स्थानीय युवकों के अलावा राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे. चर्चा में यह बात सामने आई है कि फायरिंग लाइसेंसी हथियार से की गई है. हर्ष फायरिंग का एक वीडियो जमकर वायरल हुआ और पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गया. पुलिस ने वीडियों की जांच कराई तो पता चला कि हर्ष फायरिंग राम रूद्र यादव व उनके साथियों द्वारा की गई थी. घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रामरूद्र यादव के खिलाफ पहले से ही आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस अब आरोपियों को पकडऩे के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोराबजार में देर रात्रि विशाल कुमार विरहा उम्र 41 वर्ष निवासी नई बस्ती कजरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोराबजार मोहन स्वीटस के सामने एमपी आनलाईन तथा बैंक आफ बड़ोदा का क्योस्क का संचालन करता है वर्ष 2022 में उसके मामा का दामाद सोनू उर्फ संगम पारस उसके मामा की बैटी रूबी पारस की धोबीघाट कालोनी में हत्या कर दिया था उक्त प्रकरण में वह साक्षी है सोनू उर्फ संगम पारस कुछ दिन पहले जेल से जमानत पर आया है वह अपनी दुकान में था तभी सोनू उर्फसंगम पारस उसकी दुकान के सामने आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा एवं बोला कि तूने कोर्ट् में मेरे खिलाफ गवाही दिया

## मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी घमापुर श्री सतीष कुमार अंधवान ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि झामनदास चौक में 2 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे बेचने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं यदि तुरंत दबिश दी गयी तो रंगे हाथों पकड़े जायेगें। सूचना पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुये तत्काल योजनाबद्ध तरीके से मुखबिर के बताये स्थान झामनदास चौक स्थित गली में दबिश दी गयी जहां मुखबिर के बताये हुलिये के 2 व्यक्ति खडे दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम क्रमशः दिलीप चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी बापूनगर भवानी चौक हनुमानताल एवं रंजीत चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी झामनदास चौक घमापुर बताये, जिन्हें सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर संदेही दिलीप चौधरी के पास काले पर्स में 220 रूप्ये एक रेल टिकिट, वोटर आईडी कार्ड काले रंग के

# 5 घंटे तक थाना में एफआईआर कराने बैठी रही रेप पीड़िता, घर से अपहरण कर नाबालिगा के साथ दुष्कर्म





गोलू, आरोपी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पाटन क्षेत्र में नाबालिगा का अपहरण कर रेप किया गया। नाबालिगा परिजनों के साथ थाना पाटन पहुंची, जहां पर महिला अधिकारी न होने के कारण करीब पांच घंटे तक नाबालिगा को एफआईआर कराने थाना में ही बैठना पड़ा। इसके बाद बेलखेड़ा से महिला अधिकारी आई जिन्होने बयान लिए। इसके बाद नाबालिगा को पाटन स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। यहां पर भी डाक्टर न मिलने पर रानी दुर्गावती एल्गिन अस्पताल रेफर किया गया। खबर है कि पाटन के एक गांव में रहने वाली नाबालिगा सोनू (परिवर्तित नाम) नवमीं कक्षा में अध्ययनरत है। जो अपने माता-पिता के साथ ही रहती है, बड़े भाई पड़ोस में घर लेकर निवासरत है। बीती परिजन घर का दरवाजा लगाना भूल गए। देर रात गोलू नामक बदमाश घर के अंदर आया, उसे पहले तो लगा कि भाई आए होगें। नाबालिगा बाहर आई तो बदमाश ने उसका मुंह दबाया और धमकी देते हुए खेत ले गया। यहां पर मारपीट करते हुए रेप किया और खेत में छोड़कर भाग निकला। देर रात परिजनों की नींद खुली तो पाया कि नाबालिगा अपने बिस्तर पर नहीं है, जिससे परिवार के लोग घबरा गए। उन्होने अपने स्तर पर रात में ही तलाश शुरु कर दी। इसके बाद किशोरी की मां फिर कमरे में पहुंची तो पाया कि नाबालिगा का मोबाइल फोन भी नही है, फोन किया तो बेटी ने रोते हुए बताया कि वह घर के पीछे खेत में पड़ी है। इतना सुनते ही परिजन दौड़कर खेत में पहुंचे, जहां पर बेटी बेसुध हालत में पड़ी थी, जिसके पैरों में कांटे चुभे हुए थे। परिजनों ने किसी तरह पानी छिंड़कर उठाया वह किसी तरह उठी और जानकारी दी इसके बाद फिर बेहोश हो गई। दूसरे दिन नाबालिगा को लेकर परिजन सीधे थाना पाटन पहुंचे जहां पर महिला अधिकारी न होने के कारण पांच घंटे तक थाना में ही परिजन नाबालिगा को लेकर बैठे रहे। इस बात की जानकारी जब वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो तत्काल ही बेलखेड़ा थाना से महिला सब इंस्पेक्टर पहुंची और किशोरी के बयान लेकर एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने आरोपी गोलू चढ़ार को सरगर्मी से तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इधर पीड़िता तो पाटन स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया,



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कल ऐतिहासिक साथिया कुआं का उत्तर-मध्य क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे द्वारा जीर्णोद्धार किया गया. हम सभी क्षेत्रीय जन उनका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं. मां नर्मदा भक्त मंडल. मलखम परिवार , विजय सिन्हा (रानू)

## मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर-** थाना रांझी में रात्रि में अनूप अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी उदयनगर नम्बर 1 रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अनूप किराना स्टोर्स के नाम से दुकान चलाता है पड़ौस में रहने वाले विवेक कटारिया की शादी की पार्टी में वह अपनी मम्मी सरिता अहिरवार भाई सतीष अहिरवार तथा दोस्त अभिषेक कश्यप तथा पड़ौसी अभिजीत ओझा के साथ दुर्गा मंदिर के पास अर्जुन टेंट हाउस के सामने शोभापुर रांझी पार्टी में गये थे रात लगभग 11 बजे वह खाना खा रहा था तभी हर्ष कटारिया उसके पास आया और बोला कि तुम लोग हमारे यहां शादी पार्टी में आये तो मुझे खर्च

# बारात से लौट रहे युवक पर फायरिंग बदमाशों ने घेराबंदी कर चलाई है गोलियां



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** दमोह स्थित मडियादो क्षेत्र में उस वक्त अफरातफरी व भगदड़ मच गई। जब बारात से लौट रहे युवक लोकमन अहिरवार पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हाथ में गोली लगने के कारण लोकमन वहीं गिर गया, जिसे लोगों ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम फतेहपुर जिला दमोह निवासी लोकराम अहिरवार उम्र 28 वर्ष अपने पिता व भाई के साथ कांटी गांव दोस्त अजय के शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर जाने के लिए निकला। देर रात डेढ़ बजे के लगभग घर के लिए निकला। जब वे मडियादो से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान मोटर साइकलों से पहुंचे बदमाशों ने दनादन फायरिंग शुरु कर दी। अचानक गोली चलने से पिता, भाई व लोकमन बचने के लिए किनारे हुए, इस बीच एक गोली लोकमन के हाथ में लगी और गिर गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। जिन्होने पुलिस को खबर देकर घायल लोकमन को हटा अस्पताल पहुंचाया। मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में लोकमन ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं है, इसके पहले भी उसपर हमला करने की कोशिश की गई है। पुलिस ने हमलावरों को पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरु कर दिया है।

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 202 2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री रामधन पाल, पिता- स्व. श्री जागेश्वर पाल, 2. श्री अजय कुमार पाल, पिता-श्री रामधन पाल,** ने भवन क्रमाक 1274/6 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427182 जलकर पिन नं. .........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री आनंद मोहन तिवारी, पिता स्व. श्री शिवचरण तिवारी, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी. , , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 201 2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री डॉ. रहीम शाह, पिता- श्री नजीर शाह** ने भवन क्रमाक 4110/4 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000445228 जलकर पिन नं. .........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री मुमताज अहमद, पिता स्व. श्री मोहम्मद हुसैन, **वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड ,** निर्मित भूतल 912 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 200 2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती नजिया शाह, पति डॉ. रहीम शाह** ने भवन क्रमाक 4110/18 आर 01 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000446540 जलकर पिन नं. .........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती कुमुदुनी डेंगरे, पति श्री भीमराव डेंगरे, **वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड ,** निर्मित भूतल 875 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 118/2024-25 दिनांक 28/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शक्ति बबेले, पति- श्री अभय बबेले** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000271059 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती जयश्री त्रिवेदी, पति श्री अशोक कुमार त्रिवेदी के नाम से दर्ज प्लाट नं. 19 खसरा नं. 38/40 जिसका मौजा लमती का प्लाट रकवा 1500 व.फु., **विक्रय/क्रय** की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/701/ दिनांक 04.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुरेन्द्र कुमार धारा, पिता- बी.एन. धारा** ने मकान नं. 260/2 पिन नं.1000484763 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , प्रथमतल आर.सी.सी. 171 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 260/2 साहू मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/700/ दिनांक 04.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उमा धारा, पति - महेन्द्र धारा** ने मकान नं. 260/1 पिन नं.1000484763 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 333 व.फु., खपरैल 160 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 260/1 साहू मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/699/ दिनांक 04.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विजय दीवान, पिता- स्व. श्री सुन्दर लाल दीवान** ने मकान नं. 1517/1 पिन नं.1000450941 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड** , भूतल कच्चा 420 व.फु., **दानपत्र, खसरा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1517/1 बल्दी कोरी की दफाई, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/698/ दिनांक 04.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अजय कोरी, पिता- स्व. श्री सुन्दर लाल कोरी** ने मकान नं. 1517/2 पिन नं.1000450941 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड** , भूतल कच्चा 420 व.फु., **दानपत्र, खसरा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1517/2 बल्दी कोरी की दफाई, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./52 दिनांक 04.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री आकाश सिंह लोधी, पिता- श्री पृथ्वी सिंह लोधी** ने मकान नं. 2124 छुई खदान पिन. नं. 1000481943 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 700 व.फु., **शपथ पत्र, बैनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .118 दिनांक - 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वर्षा गुप्ता,पति- श्री अमित गुप्ता, एवं श्री अमित गुप्ता, पिता- सुभाष गुप्ता** ने भवन क्रं. 917 **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 500 व.फु., भूतल 400 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु. आ., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 917 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री देवेन्द्र कुमार, पिता रामशंकर सोनी, भवन क्रं. 917 पिन नं. 1000367861/ 41301178 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/245 दिनांक 05.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती हेमलता राय,पति- स्व. श्री अजय कुमार राय, कु. मोनिका राय, कु. टीना राय, श्री आदित्य राय, पिता- स्व. श्री अजय कुमार राय** ने मकान नं. 522/पी-248 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/244 दिनांक 04.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मंजू विश्वकर्मा, पति श्री तूफानी लाल विश्वकर्मा** ने मकान नं. 2211 **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 640 व.फु., भूतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 01.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजकुमार ताम्रकार, पिता- स्व. श्री पुरषोत्तम ताम्रकार** ने भवन/ क्रमांक 1749 हिस्सा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 914 व.फु., भूतल 914 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1749 हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 01.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दिलीप कुमार, पिता- स्व. श्री पुरषोत्तम लाल** ने भवन/ क्रमांक 1749 का हिस्सा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1005 व.फु., भूतल 1005 व.फु. खपरैल, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1749 का हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 01.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती ज्योति जैन, पति-श्री राजेश जैन** ने भवन/ क्रमांक 519 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 675 व.फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 519 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 01.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संतोष ताम्रकार, पिता- स्व. श्री पुरषोत्तम ताम्रकार** ने भवन/ क्रमांक 1749 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1005 व.फु., भूतल 1005 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1749 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999